दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
Merry Christmas





भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने देश को दिया क्रिसमस का तोहफा

## रचा इतिहास... भारत ने टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराया

एजेंसी | मुंबई

भारत की महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को देश को क्रिसमस का तोहफा दिया है। महिला क्रिकेट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को मुंबई में खेले गए टेस्ट मैच में 8 विकेट से हरा दिया। टीम इंडिया ने इस जीत के साथ ही इतिहास रच दिया। भारतीय महिला टीम की ऑस्ट्रेलिया पर यह पहली टेस्ट जीत है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 219 रन और दूसरी पारी में 261 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने पहली पारी में 406 रन और दूसरी पारी में 2 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिगेज, रेणुका सिंह और स्नेह राणा ने शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय महिला टीम 1995 के बाद पहली बार किसी सत्र में घरेलू सरजमीं पर एक से अधिक टेस्ट खेल रही थी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरे मैच के दौरान टीम दबदबा बनाने में सफल रही।

### स्नेह राणा प्लेयर ऑफ द मैच, लिए 7 विकेट

राणा ने दोनों पारियों को मिलाकर 7 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच रहीं।पहली पारी में 22.4 ओवर में 56 रन देकर 3 विकेट लिए। जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 22 ओवर में 63 रन देकर 4 विकेट लिए।

## जरूरी खबर

### खेल मंत्रालय ने कुश्ती महासंघ को किया सस्पेंड



**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने रविवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया है। मंत्रालय ने अपने फैसले में कहा कि डब्ल्यूएफआई संस्था ने मौजूदा नियमों और विनियमों के प्रति पूरी तरह से उपेक्षा की है। खेल मंत्रालय ने कहा कि हमने महासंघ को बर्खास्त नहीं किया है बल्कि अगले आदेश तक निलंबित किया है। हाल ही में बृज भूषण सिंह के करीबी संजय सिंह डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष चुने गए थे।

(पेज 8 भी देखें)

### प्रदेश में कोरोना के 11 नए केस, दो लोगों की मौत



**जयपुर।** प्रदेश में कोरोना के केस बढ़ते जा रहे हैं। रविवार को प्रदेश में 11 नए कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इसमें अकेले 7 केस जयपुर के हैं। वहीं अलवर, दौसा, कोटा व सवाई मोधापुर में एक-एक मरीज हैं। इस तरह प्रदेश में संक्रमित मरीजों का आंकड़ा बढ़कर 20 तक पहुंच गया है। इसके अलावा दो कोरोना संक्रमित मरीजों की दुर्घटना में मौत भी हो गई। चिकित्सा विभाग ने कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए अब स्क्रीनिंग तेज कर दी है, जिससे की संक्रमितों का ज्यादा पता चल सके। प्रदेश में रविवार को कुल 722 लोगों के सैंपल लिए गए।

कैबिनेट का गठन कब? कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के बाद भाजपा सरकार में रहे मंत्री खान ने भी BJP को घेरा

# नई सरकार के कैबिनेट गठन से पहले ही उठने लगे सवाल



- सियासी सवालों के बीच BJP का जवाब... मंत्रिमंडल होगा छोटा, जल्द ही गठन
- जयपुर से दिल्ली तक दौरे, 10 से ज्यादा मीटिंग के बाद भी बना हुआ है संशय

### विकास के नए आयाम देगी सरकार

श्रीकरणपुर चुनाव प्रचार में गए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में मंत्रिमंडल का गठन शीघ्र होगा। पहले चरण में मंत्रिमंडल छोटा होगा। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार जनता के भरोसे को कायम रखेगी और प्रदेश को विकास के नए आयाम देगी।



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश हमें बीजेपी की सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल के गठन में हो रही देरी को लेकर सवाल उठने लगे हैं। प्रदेश को नया मुख्यमंत्री मिलने के 12 दिन बाद भी पार्टी अभी तक किसी निर्णय पर नहीं पहुंची है।

इधर, मंत्रियों के चयन में भाजपा की अनिर्णय की स्थिति को लेकर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने भी सवाल खड़े किए हैं। तीन दिन पहले इसी मसले पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी अपनी प्रतिक्रिया दे चुके हैं। डोटासरा ने नई सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि मुख्यमंत्री बार बार दिल्ली जा रहे हैं, अपने साथ दोनों उपमुख्यमंत्रियों को भी ले जा रहे हैं, लेकिन मंत्रिमंडल पर अपनी स्थिति साफ नहीं कर रहे हैं। डोटासरा के बयान के बाद ही पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में मंत्री रहे कद्दावर नेता यूनुस खान भी मंत्रिमंडल गठन में हो रही देरी को लेकर मुखर हो गए हैं। युनूस खान वर्तमान में डीडवाना से निर्दलीय विधायक चुने गए हैं।

### जनता में जा रहा है गलत संदेश: यूनुस



विधायक यूनुस खान ने कहा कि मुख्यमंत्री अपना काम जल्द शुरू करें। जयपुर में सिविल लाइंस स्थित अपने आवास पर रविवार को मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा- जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी थी। तब भी इसी तरह की स्थिति हुई थी। एक बार जनता में गलत मैसेज चला गया तो उसे सुधारने का कोई उपाय नहीं होता है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनी है। कार्यों में गति आनी चाहिए। जनता को काफी उम्मीदें हैं। इसमें देरी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने ईआरसीपी शुरू होने के काम में हो रही देरी पर भी सवाल खड़े किए।

### युवा और अनुभवी विधायकों को मिलेगा मौका

सूत्रों के अनुसार मंत्रिमंडल में युवा के साथ ही अनुभवी विधायकों को भी जगह मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री और उनके दो उपमुख्यमंत्री जयपुर और आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों से विधायक के रूप में चुने गए थे, इसलिए उम्मीद है कि मंत्री राज्य के अन्य हिस्सों से ही होंगे। मंत्रिमंडल में जातियों और क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व के बीच संतुलन बनाए रखने की कवायद भी होगी। संभावना है कि ज्यादातर मंत्री 40-55 वर्ष की आयु वर्ग के होंगे।

### आज हो सकता है मंत्रिमंडल गठन को लेकर फैसला

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मंत्रिमंडल गठन को लेकर रविवार को हलचल देखी गई। सूत्रों के अनुसार भाजपा आलाकमान सोमवार या मंगलवार तक मंत्रिमंडल के नामों की घोषणा कर सकता है। हालांकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सोमवार को श्रीकरणपुर चुनाव प्रचार में जाने की संभावना हैं। उनके लौटने के बाद ही मंत्रिमंडल गठन की तस्वीर साफ होगी। इधर, राजभवन में मंत्रिमंडल गठन की तैयारियों को लेकर आला अधिकारियों की टीम ने व्यवस्थाओं को लेकर खाका तैयार करने में जुट गई है। माना जा रहा है कि सप्ताह के शुरुआती दो दिनों में मंत्रिमंडल का गठन हो सकता है।

कांग्रेस संगठन में हुए बड़े फेरबदल के बाद आलाकमान का संकेत...

# प्रदेश कांग्रेस में गहलोत का ही रहेगा दबदबा

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव पहले कांग्रेस संगठन में हाल ही में हुए बड़े फेरबदल ने प्रदेश की सियासत में नई तस्वीर तैयार होने के संकेत दिए हैं। राष्ट्रीय कांग्रेस ने एक दिन पूर्व की गई महासचिवों और प्रभारियों की टीम में प्रदेश से पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का नाम सबसे ज्यादा चौंकाने वाला रहा। बताया जा रहा है कि कांग्रेस संगठन ने सचिन पायलट को राष्ट्रीय सियासत में लाने के साथ ही प्रदेश में उनकी सक्रियता कम रहेगी। हालांकि इस फेरबदल को लोकसभा चुनाव से जोड़ कर देखा जा रहा है। इन सभी कवायदों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लेकर पार्टी ने अपना रुख साफ कर दिया है। पार्टी का मानना है कि गहलोत के मुकाबले प्रदेश में संगठन को साथ लेकर चलने वाला फिलहाल कोई बड़ा चेहरा नही है।



### आलाकमान की भी यही मंशा

महासचिवों की नियुक्ति वाले फैसले में पार्टी ने राजस्थान में कोई परिवर्तन नहीं किया। यहां विधानसभा चुनाव में हुई हार को अशोक गहलोत की विफलता नहीं मान रही है। हालांकि राजस्थान चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद माना जा रहा था कि प्रदेश की राजनीति में पायलट का कद बढ़ सकता है, लेकिन आलाकमान के इस फैसले से साफ हो चला है कि राजस्थान में गहलोत की ही चलेगी। दरअसल गहलोत और पायलट के बीच विवाद किसी से छिपा नहीं है। गहलोत कई बार कह चुके हैं कि पायलट कभी भी राजस्थान के मुख्यमंत्री नहीं बन सकते हैं। ऐसे में पायलट के छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनने के बाद साफ हो गया है कि राजस्थान में अब भी गहलोत का ही पलड़ा भारी है।



### पायलट को छत्तीसगढ़ का प्रभार सौंपने की एक वजह यह भी

सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ प्रभार सौंपने की एक वजह यह भी मानी जा रही है कि पार्टी यह नहीं चाहती कि विधानसभा चुनाव की तरह की लोकसभा में नुकसान झेलना पड़े। विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार का एक कारण सचिन पायलट और अशोक गहलोत की लड़ाई भी मानी जा रही है। पार्टी नहीं चाहती कि दोनों नेताओं के बीच फिर तकरार बढ़े।

### नेता प्रतिपक्ष व प्रदेशाध्यक्ष के नामों का ऐलान बाकी

विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद प्रदेश संगठन में शीघ्र ही बदलाव होगा। प्रदेशाध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने को लेकर कवायद शुरू हो गई है। सूत्रों की माने तो इसी सप्ताह नामों की घोषणा हो सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की इसमें बड़ी भूमिका रह सकती है, हालांकि अंतिम फैसला आलाकमान पर ही निर्भर है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

हूती विद्रोहियों का आतंक

# लाल सागर में एक और जहाज पर ड्रोन अटैक, 25 भारतीय सुरक्षित

एजेंसी | नई दिल्ली

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने रविवार सुबह लाल सागर में एक और तेल ले जा रहे जहाज को निशाना बनाया। बताया गया है कि इस जहाज पर भारत के 25 क्रू सदस्य सवार थे, जो कि पूरी तरह सुरक्षित हैं। पहले दावा किया जा रहा था कि इस तेल टैंकर पर भारत का झंडा लगा था। हालांकि, भारतीय नौसेना ने इस बात से इनकार किया है। जहाज पर ड्रोन से हमला किया गया, जिसके बाद इससे क्षेत्र में ही मौजूद एक अमेरिकी युद्धपोत को खतरे का सिग्नल भेजा गया।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के दावे को नकारते हुए भारतीय नौसेना के एक अधिकारी ने कहा कि एमवी साईबाबा एक गैबॉन के झंडे वाला टैंकर है। हालांकि, इसे सर्टिफिकेशन भारत के रजिस्टर ऑफ शिपिंग से मिला है। दुनियाभर के पोत अलग-अलग देशों से रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट हासिल कर सकते हैं।



### हमले की जांच शुरू

भारतीय नौसेना ने अरब सागर में भारत के पश्चिमी तट के पास मंगलूर बंदरगाह जाने वाले एक मालवाहक जहाज पर संदिग्ध ड्रोन हमले की जांच शुरू कर दी है। नौसेना ने ड्रोन हमले के स्थान पर 'स्टील्थ गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक' आईएनएस मोरमुगाओ को भेजा। तटरक्षक डोर्नियर विमान ने क्षेत्र का निरीक्षण कर और केम प्लूटो के साथ संचार स्थापित कर लिया है। भारतीय तट रक्षक ने कहा कि वाणिज्यिक पोत 'केम प्लूटो' ने अपनी बिजली उत्पादन प्रणालियों पर क्षति का आकलन और मरम्मत करने के लिए मुंबई तट की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है।

### 'आईएनएस इंफाल' कल नौसेना में होगा शामिल



**नई दिल्ली।** सतह से सतह पर मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस स्वदेश निर्मित स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक 'आईएनएस इंफाल' को मंगलवार को औपचारिक रूप से भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा। इससे हिंद महासागर में चीन की बढ़ती गतिविधियों के बीच भारत की समुद्री क्षमता मजबूत होगी। यह पहला युद्धपोत है जिसका नाम पूर्वोत्तर क्षेत्र के किसी शहर के नाम पर रखा गया है। राष्ट्रपति ने अप्रैल 2019 में इसकी मंजूरी दी थी। युद्धपोत को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में मुंबई स्थित नौसेना की गोदी (डॉकयार्ड) में आयोजित एक समारोह में शस्त्र बल में शामिल किया जाएगा।

## जरूरी खबर

### हार के लिए पार्टी के पदाधिकारी जिम्मेदार: शर्मा



**बेधड़क, जयपुर।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव में हार पर भाजपा और कांग्रेस समीक्षा कर रही है। दौसा से भाजपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक शंकरलाल शर्मा ने अपनी हार को लेकर शीर्ष नेतृत्व को एक खत लिखा है। इसमें उन्होंने उनकी हार के लिए दौसा भाजपा के कुछ पदाधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने भाजपा केंद्रीय अनुशासन समिति के अध्यक्ष अविनाश राय खन्ना और प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत से हार के जिम्मेदार पदाधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की भी मांग की है।

### वाजपेयी ने बढ़ाया विकसित भारत की सोच को आगे

**बेधड़क, जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये है। राज्यपाल ने स्व. वाजपेयी और उनके सुशासन को याद करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए अटल बिहारी वाजपेयी जी ने जन हित से जुड़ी सोच की परिणामुलक परंपराएं स्थापित की। वह राजनीति में शुचिता के साथ सबको साथ लेकर समन्वय से देश को आगे बढ़ाने में विश्वास रखते थे। संविधान से जुड़ी संस्कृति और भारतीय सनातन परंपराओं से जुड़ा उनका व्यक्तित्व विरल व्यक्तित्व था। विकसित भारत की सोच को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने सुशासन को सदा प्राथमिकता दी।

### देवनानी से मिला सिंधी समाज का प्रतिनिधिमंडल



**बेधड़क, जयपुर।** उत्तर प्रदेश कपड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल और सिंधी सभा के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मुलाकात कर बधाई दी। सिंधी सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी ने बताया कि देवनानी को विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने पर बीजेपी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने लखनऊ से जयपुर और अजमेर के लिए सीधी उड़ान शुरू किए जाने की मांग की। इस मौके पर देवनानी ने कहा कि लखनऊ से जयपुर की फ्लाइट के लिए शीघ्र प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा की सिंधी अकादमी का गठन भी समय से ही होगा।

---

**नए साल के स्वागत के लिए देसी-विदेशी पर्यटकों से गुलजार हुई गुलाबी नगरी**

# पर्यटन व्यवसाय को लगे पंख, होटल और फ्लाइट्स फुल

बेधड़क | जयपुर

क्रिसमस और न्यू ईयर को लेकर हजारों सैलानी जयपुर पहुंच चुके हैं। बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने से पर्यटन व्यवसाए से जुड़े लोगों के चेहरे खिल गए हैं।

गौरतलब है कि शीतकालीन अवकाश व नए साल को लेकर काफी संख्या में पर्यटक राजधानी जयपुर में पहुंच रहे हैं। पर्यटकों की बढ़ती संख्या के चलते शहर के प्रमुख होटल फुल हो गए हैं, वहीं यात्रीभार बढ़ने से एयरलाइंस ने भी किराए में बढ़ोतरी कर दी है।

इधर रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी भारी भीड़ देखने को मल रही है। जानकारों की अनुसार नए वर्ष के सेलिब्रेशन को लेकर इस बार 70 प्रतिशत से अधिक सैलानी जयपुर पहुंच चुके हैं। इसवर्ष ज्यादा संख्या में पर्यटक आने से हजारों लोगो को रोजगार मिलेगा। हालांकि कई पर्यटक राजधानी में 5 से 6 गुनाकिराया वसूलने की भी शिकायत करते नजर आए।



### सड़कों पर लगा जाम

पर्यटकों के वाहनों से परकोटा, आमेर रोड, एमआई रोड, जेएलएन मार्ग सहित करीब 25 किमी के क्षेत्र में घंटों जाम लगा रहा। रविवार को गुलाबी नगरी में पर्यटकों का सैलाब उमड़ा। शहर की सड़कों पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। राजधानी के आमेर रोड पर वाहन रेंग-रेंग कर चलते हुए नजर आए। इस दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। पर्यटन विभाग की जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा पर्यटक विश्व प्रसिद्ध आमेर महल और हवा महल में पहुंचे। वहीं राजधानी में आमेर महल, नाहरगढ़ किला, जयगढ़ किला, अल्बर्ट हॉल, हवा महल, जंतर मंतर समेत तमाम पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों की काफी भीड़ उमड़ी। जयपुर के ऐतिहासिक पर्यटक स्थलों पर विजिट करने पहुंचे सैलानियों ने यहां की कला और संस्कृति की जमकर तारीफ की।

### इतने पहुंचे पर्यटक

पर्यटन विभाग की जानकारी के अनुसार रविवार को 60 हजार से अधिक पर्यटकों ने जयपुर में भ्रमण किया। देश के विभिन्न राज्यों से पर्यटक गुलाबी नगरी पहुंच रहे हैं। आमेर किले पर सुबह से ही पर्यटक को की भीड़ देखने को मिली। आमेर किले के साथ ही नाहरगढ़ किला, जयगढ़, अल्बर्ट हॉल, हवा महल, जंतर मंतर, नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क, जयपुर चिड़ियाघर, झालाना लेपर्ड सफारी समेत तमाम पर्यटक स्थलों पर सैलानियों का हुजूम उमड़ पड़ा। पर्यटन विभाग की जानकारी के अनुसार आमेर महल में करीब 15 हजार देसी-विदेशी पर्यटक पहुंचे। वहीं हवा महल में करीब 14 हजार पर्यटकों ने चहल-कदमी की। अल्बर्ट हॉल में 9800 से अधिक पर्यटक विजिट करने पहुंचे। वहीं जंतर मंतर में करीब 6 हजार पर्यटक भ्रमण करने के लिए पहुंचे।

---

**जनप्रतिनिधियों और कार्मिकों को दिलाई जाएगी शपथ**

# भाजपा सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी वाजपेयी की जयंती

- बूथ स्तर पर होंगे काव्यांजलि और रचनात्मक कार्यक्रम
- जिले से लेकर पंचायत स्तर तक चलेगा कार्यक्रम


बेधड़क | जयपुर

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सोमवार को भाजपा देशभर में सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी। प्रदेश में जिला मुख्यालयों, निकायों, पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों के स्तर पर कार्यक्रम होंगे। वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ जनप्रतिनिधियों और कार्मिकों को सुशासन की शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही अटल विचार संगोष्ठी और अटल कविता का पठन भी किया जाएगा।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार सुबह 9.30 बजे आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इस कार्यक्रम में सांसद, विधायकों के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता वाजपेयी की प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेशभर में बूथ स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस दौरान बूथ स्तर पर अटल जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही वाजपेयी की कविताओं का काव्यांजलि तथा रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### बूथ स्तर पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जन्मदिन को लेकर भाजपा सोमवार को प्रदेशभर में बूथ स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन करेगी। प्रदेश के सभी बूथों पर वाजपेयी की फोटो पर पुष्प अर्पित करने के साथ रचनात्मक कार्यक्रमों को भी आयोजन किया जाएगा। बूथ स्तर के 6 कार्यक्रमों में से एक कार्यक्रम विकसित भारत का ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए प्रेरित करने का भी है। बीजेपी की ओर से नमो एप पर विकसित भारत का ब्रांड एंबेसडर बनने का अभियान चलाया जा रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और सुशासन की भी बूथ पर चर्चा की जाएगी। पार्टी की तरफ से इस दिन देश के हर जिले में केंद्र सरकार और बीजेपी शासित राज्य सरकारों की योजनाओं और गरीब कल्याण से संबंधित सुशासन पर कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान गरीब कल्याण के व्याख्यान भी होंगे।



### मुख्यमंत्री ने राधा स्वामी सत्संग में की शिरकत



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को बीलवा स्थित राधा स्वामी सत्संग ब्यास केंद्र पर राधा स्वामी ब्यास के डेरा प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों के सत्संग में शिरकत कर उनका आर्शीवाद लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों से मुलाकात कर आध्यात्मिक, सामाजिक मूल्यों, समाज में व्याप्त कुरीतियों आदि विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा करीब 45 मिनट से अधिक राधा स्वामी सत्संग ब्यास में मौजूद रहे। बता दे, मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार राधा स्वामी सत्संग ब्यास जाकर भजन लाल शर्मा ने आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सांसद रामचरण बोहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### एक सप्ताह चलेगा विशेष सफाई अभियान

सुशासन दिवस के मौके पर सफाई का विशेष अभियान भी शुरू होगा। इस अभियान के तहत शहरी क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने के लिए हर वर्ग को जोड़ने और श्रमदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ये अभियान 25 से 31 दिसंबर तक चलेगा। ये कार्यक्रम जिला मुख्यालय के साथ हर छोटे-छोटे शहरों में नगर पालिका स्तर पर, पंचायत समितियों और ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भी आयोजित किए जाएंगे।

---

**लोकसभा आम चुनाव-2024**

## जिला निर्वाचन अधिकारियों का होगा दो दिवसीय प्रशिक्षण

- तीन चरणों में होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम




बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग का सर्टिफिकेशन कार्यक्रम शुरू हो गया है। इस क्रम में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को आयोग की ओर से इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) नई दिल्ली में आम चुनाव के संबंध में ट्रेनिंग दी जा रही है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गुप्ता ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को तीन अलग-अलग चरणों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम चरण 21-22 दिसंबर को संपन्न हुआ और अगला चरण 26-27 दिसंबर को होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय-सारिणी के अनुसार, तीसरा और अंतिम चरण 28-29 दिसंबर को आयोजित होगा। 26 एवं 27 दिसंबर को चूरू, धौलपुर, डूंगरपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जयपुर, जैसलमेर, जालोर, झुंझुनू एवं जोधपुर जिलो के लिए प्रशिक्षण होगा। अगले बैच में 28 एवं 29 दिसंबर को करौली, कोटा, नागौर, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाईमाधोपुर, सीकर, सिरोही, टोंक एवं उदयपुर का प्रशिक्षण होगा। इससे पूर्व 21 एवं 22 दिसंबर को अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा और झालावाड़ जिलो के अधिकारियों का प्रशिक्षण हो चुका है।

---

**विकसित भारत संकल्प यात्राओं में शामिल हुईं डिप्टी सीएम**

## देश ने नए आयाम किए स्थापित: दीया

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र विद्याधर नगर में विकसित भारत संकल्प यात्राओं में शामिल हुईं। ये यात्राएं सीकर रोड स्थित सन एंड मून और दादी का फाटक पर आयोजित की गई।

यहां उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति के चेक वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि विगत नौ वर्षों की विकास यात्रा से देश ने तरक्की के नए आयाम स्थापित किए हैं। देश में आधारभूत संरचना तेजी से मजबूत हुई है और व्यापार करना आसान हुआ है। तकनीक के नए युग का सूत्रपात हुआ है तथा भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरा है। यह सभी प्रदेशवासियों के लिए गौरव का क्षण है कि हम सभी साथ मिलकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से विकसित भारत के पथ पर कदम बढ़ा रहे हैं। इन यात्राओं के अलावा उप मुख्यमंत्री सिविल लाइंस स्थित हरि महल पैलेस में आयोजित क्षत्रिय प्रतिभा सम्मान समारोह और सांगानेर के एस. एस. जैन सुबोध स्कूल में आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन में अतिथि के तौर पर शामिल हुईं।



---

**सफाईकर्मियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की मांग**

## वाल्मीकि समाज ने किया CM का स्वागत

बेधड़क | जयपुर

संयुक्त वाल्मिकी एवं सफाई श्रमिक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के अस्थायी निवास ओटीएस पर मिलकर सफाई कर्मचारियों की भर्ती की मांग उठाई। प्रतिनिधि मंडल ने सीएम शर्मा का स्वागत अभिनंदन किया गया।

भर्ती की मांग पर सीएम शर्मा ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि यूनियन के पदाधिकारियों से बात कर शीघ्र निस्तारण करें। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पत्रावली मंगाकर परीक्षण करने के निर्देश दिए। गौरतलब हैं कि पिछली कांग्रेस सरकार ने 13,184 सफाई कर्मचारियों की भर्ती की प्रक्रिया चल रही थी। इसमें आवेदन की प्रक्रिया हो चुकी थी, लेकिन आदर्श आचार संहिता लगने के कारण सफाई कर्मचारी भर्ती के आवेदन प्रक्रिया स्थगित कर दी गई। संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर डंडोरिया ने कहा कि बीजेपी द्वारा सदैव वाल्मीकि समाज के उत्थान का काम किया है।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रयागराज में वाल्मीकि समाज के चरण पादुका को धोकर वाल्मीकि समाज का मान बढ़ाया था। वहीं उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वाल्मीकि समाज के प्रति उदारता दिखाई है। शीघ्र ही सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।



---

**विकसित भारत संकल्प यात्रा**

# BJP सरकार बनने से आशाओं का सूर्योदय, होंगे विकास कार्य: शेखावत

**केंद्र सरकार की योजनाओं को 100% पूरा करने पर सांसद कोटे से मिलेगा अतिरिक्त फंड**

बेधड़क | जयपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश में आशाओं का सूर्योदय हुआ है। प्रदेश में भजनलाल शर्मा के नृतत्व में डबल इंजन की सरकार बनी है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में जो अड़चनें राजनीतिक द्वेष के चलते आ रही थीं, वह दूर होंगी। अब पात्र लोगों को पीएम मोदी की योजनाओं का मेरिट के आधार पर लाभ मिलेगा। शेखावत ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद देश आजाद हुआ। इस संघर्ष में लाखों लोगों ने अपनी कुर्बानी दी। स्वतंत्रता सेनानियों को इस बात की प्रेरणा थी कि आजाद होने के बाद अपनी सरकार चुनने का सौभाग्यपूर्ण अवसर मिलेगा, लेकिन आजादी के बाद जिस गति से सरकारों को काम करना चाहिए, उस गति से नहीं हुआ। इसके कारण जनता को सरकारों से निराशा होने लगी।

सरकारों की आदत अभावों में काम करने की पड़ गई थी, इसलिए सरकारी योजनाओं का उपयोग वोटों के लिए होकर रह गया। योजनाओं का लाभ संपूर्ण जनता को नहीं मिल पाता था। गरीब व्यक्ति जिसके लिए योजना बनी थी, वह विकास के दिये को टिमटिमाते हुए देखता था।



### विकास बदलते हुए भारत की तस्वीर

केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। पूरी दुनिया इस बात को स्वीकार करने लगी है। कोरोना काल में भी भाजपा कार्यकर्ता जनता की सेवा में लगे रहे। कोरोना का टीका सबसे पहले भारत में बना। इससे पहले पोलियो का टीका भारत पहुंचने में तीस साल लग गए थे। यह मोदी की सरकार है, इसमें सब कुछ मुमकिन है। यह बदलते हुए भारत की तस्वीर है। देश को आर्थिक रूप से संभालने का काम पीएम मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने सामान्य नागरीक के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए अनेक योजनाएं बनाई और उनका त्वरित और प्रभावी क्रियान्वयन किया। इसका प्रभाव यह हुआ कि देश में तेरह करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकल गए। मूलभूत संसाधनों का विकास हुआ। यह पीएम मोदी का संकल्प है कि आगामी 25 सालों में देश को विकसित भारत बनाएंगे। इस लक्ष्य को लेकर केन्द्र सरकार संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है। इसी के निमित्त विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। यात्रा के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाएंगे।

### 10 लाख का अतिरिक्त देने की घोषणा

शेखावत ने कहा कि जो पंचायतें केन्द्र सरकार की संपूर्ण योजनाओं में क्षेत्र के सौ प्रतिशत पात्र लोगों को लाभ दिलाएंगी, उस पंचायत को सांसद विकास कोष से दस लाख का अतिरिक्त फंड दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं विधायक जी से भी अनुरोध करूंगा कि वे इस प्रकार की घोषणा करें। शेखावत ने कहा कि रामदेवरा को आदर्श ग्राम योजना में शामिल किया था। उन्होंने रामदेवरा पंचायत समिति क्षेत्र में सांसद कोष से करवाए गए 16.52 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। शेखावत ने रामदेवरा में संसदीय क्षेत्र से आए ग्रामीणों और गणमान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

जरूरी खबर

### एकीकृत दृष्टिकोण पर विशेषज्ञों ने रखे विचार



**जयपुर।** आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर सीतापुरा के संयुक्त तत्वावधान में छह दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) का आयोजन किया गया। मानसिक बीमारी का एकीकृत दृष्टिकोण विषय पर विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. योगेश्वरी गुप्ता ने बताया कि सी.एम.ई का आयोजन 18 से 23 दिसम्बर तक किया गया, जिसमें डॉ. कुमार धवले,डॉ. बिपिन जैन, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. गिरीश नवाड़ा, डॉ. चराग ताम्बोली, डॉ. शोभा ताम्बोली, डॉ. सुनीता निकुंम्भ, निमिष मेहता, डॉ. कथिका,डॉ. मनीष, डॉ. सिद्दार्थन ने अपने विषय पर व्याख्यान दिया। समापन समारोह में डॉ. एस.एस. अग्रवाल एवं डॉ. राघव शाह भी उपस्थित रहे।

### एयरपोर्ट पर चार फ्लाइट हुई लेट, यात्री हुए परेशान

**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर रविवार को चार फ्लाइटें देरी से आई। इससे यात्रियों को गंतव्य तक जाने में परेशानी हुई। लेट फ्लाइटों में कोलकाता जयपुर की फ्लाइट 2 घंटें लेट होकर 1:50 के बजाय 4:08 बजे पहुंची। जयपुर से गुवाहाटी की फ्लाइट भी लेट रवाना हुई। जयपुर से सूरत के लिए जाने वाली फ्लाइट भी 2:20 बजे के बजाय 4:35 बजे रवाना हुई। इसी प्रकार जयपुर से हैदराबाद की फ्लाइट एक घंटें लेट गई। यह फ्लाइट जयपुर से हैदराबाद के लिए 5:20 बजे के बजाय 6:30 बजे रवाना हो सकी। इस तरह फ्लाइटों के लेट होने से यात्रियों को भारी दिक्कतें हुई। फ्लाइट प्रबंधन की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं देने से यात्री परेशान होते रहे।

डीजीपी उमेश मिश्रा ने दिए शिकायतों पर तत्काल अनुसंधान कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

# फर्जी डिग्री बनाने वाले रडार पर, चिह्नित कर लेंगे सख्त एक्शन

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में नई भाजपा सरकार बनने के बाद नकल माफियाओं, फर्जी डिग्री बनाने वालों पर कार्रवाई के लिए पुलिस को फ्री हैंड मिल गया है। ऐसे में पुलिस भी अब शिक्षा के सौदागरों पर कार्रवाई के मूड में है। इसको लेकर रविवार को डीजीपी उमेश मिश्रा ने फर्जी डिग्री और मार्कशीट बनाने वाले गिरोह से जुड़े सभी व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी मिश्रा ने कहा कि पुलिस मुख्यालय की ओर से इन गिरोह से जुड़े व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।




एडिशनल डीजीपी क्राइम दिनेश एमएन इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। यह टीम प्रदेश व अन्य राज्यों में फर्जी डिग्री और मार्कशीट बनाने वाले विश्वविद्यालय एवं शिक्षण संस्थानों पर नजर रखेगी। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को इस संबंध में प्राप्त शिकायतों पर तत्काल अनुसंधान कर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### फर्जी अंक तालिका देने के मास्टर माइंड को जोधपुर से किया गिरफ्तार

डीजीपी मिश्रा ने बताया कि विगत दिनों में जोधपुर पश्चिम जिला पुलिस ने विभिन्न यूनिवर्सिटी के कई कोर्स की फर्जी अंक तालिका देकर ठगी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड नरेश प्रजापत पुत्र अशोक कुमार (28) निवासी थाना कोतवाली नागौर हाल थाना मान का थान जिला जोधपुर पूर्व को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध थाना कुड़ी भगतासनी स्थित एक स्कूल के संचालक अशोक कुमार गुप्ता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। विभिन्न यूनिवर्सिटी में प्रवेश और कोर्स करवाने के नाम पर आरोपी नरेश ने 2021 से 30 व्यक्तियों के आवेदन लेकर 26 लाख ले लिए और सभी को फर्जी डिग्री और मार्कशीट थमा दी।

### पैसे लेकर नामी विश्वविद्यालयों की देता है डिग्रियां

डीजीपी ने बताया कि पुलिस ने मामले में त्वरित अनुसंधान कर आरोपी नरेश प्रजापत को 18 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि नरेश की अन्य राज्यों की फर्जी डिग्रियों के एजेंटस से संपर्क है। पैसे लेकर आरोपी उत्तराखंड शिक्षा परिषद रुड़की, मेवाड़ यूनिवर्सिटी गंगरार चितौड़गढ़, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर मध्य प्रदेश और आईईसी यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश के नाम से जारी फर्जी डिग्रियां देता है। डीजीपी मिश्रा ने बताया कि अन्य राज्यों में इसके गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए डीसीपी पश्चिम श्री गौरव यादव के निर्देशन में दो टीम रवाना की गई है। अभियुक्त नरेश प्रजापत को रिमांड पर लेकर गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है। फर्जी अंक तालिका एवं डिग्रियां तैयार करने वाले प्रत्येक आरोपी को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

मौसम का मिजाज: तापमान में आएगी दो से तीन डिग्री की गिरावट


# कोहरे में डूबी रही सुबह, दिनभर सूरज की बादलों से आंख मिचौली

## कई शहरों में घटी विजिबिलिटी, दौसा में हुए 3 सड़क हादसे

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में रविवार का दिन कोहरे के नाम रहा। बादल छाए रहने से सूरज की लुकाछीपी जारी रही। शाम को ठंडी हवाओं से बढ़ी सर्दी ने कंपकपी छुड़ा दी। कोहरे की वजह से प्रदेश के कई शहरों में विजिबिलिटी कम रही।

राजधानी जयपुर की बात करें तो यहां सुबह कोहरा छाया रहा। दिनभर बादलों की आवाजाही रही। दूसरी ओर कम विजिबिलिटी होने से प्रदेश के दौसा जिलें में तीन सड़क हादसे हुए। जानकारी के अनुसार इनमें कुल 6 लोग घायल हुए हैं। दूसरी ओर सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान सबसे कम 4.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इधर, मौसम में हुए बदलाव को लेकर मौसम विभाग ने बताया कि अगले 48 घंटे में राजस्थान में तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान के जिले कोहरे से ढके नजर आएंगे।



### सिकंदरा और महुआ में छह लोग घायल

दौसा जिले से गुजर रहे जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे-21 पर तीन सड़क हादसों में 6 लोग घायल हो गए। घने कोहरे के कारण पहला हादसा रविवार सुबह सिकंदरा थाना इलाके में डाबर की ढाणी के पास हुआ। वहां नेशनल हाईवे पर प्राइवेट स्लीपर बस ने ट्रॉले को टक्कर मार दी। बस में सवार चार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सिकंदरा अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के बाद सभी को हायर सेंटर रेफर किया गया। वहीं, दो सड़क हादसे महुवा इलाके में हुए। यहां भरतपुर रोड हडिया के पास डंपर ने एक कार को टक्कर मार दी। वहीं, मिस्त्री मार्केट में एक कार ट्रॉले में घुस गई। दोनों ही हादसे घने कोहरे के कारण हुए। दो लोगों को मामूली चोट आई है।

### तापमान में गिरावट का सिलसिला शुरू

जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार प्रदेश में तापमान में गिरावट का सिलसिला शुरू हो गया है। बीती रात न्यूनतम तापमान अलवर में 5.2, पिलानी में 6.5, सिरोही में 7.1, चूरू में 7.3, सीकर में 7.5, बारां में 7.7 और करौली में 7.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि रविवार से अगले 7 दिन तक प्रदेश में मौसम ड्राई रहने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश के कई इलाकों में सर्द हवा लोगों को परेशान करेगी। इसकी वजह से तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। इस दौरान पश्चिमी, उत्तरी व पूर्वी राजस्थान के जिलों में घना और अति घना कोहरा रहने की संभावना है। हालांकि 31 दिसंबर को प्रदेश में एक बार फिर नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) सक्रिय होने की संभावना है।

सहपाठी और परिजन सदमे में

# 14 वर्षीय छात्र को हार्ट अटैक, क्लास रूम के बाहर मौत



**बेधड़क** | जयपुर

एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले 14 साल के छात्र की हार्ट अटैक से मौत होने की जानकारी सामने आई है। हादसे के बाद परिवार सहित आसपास के लोग व सहपाठी सदमें में है।

करधनी थाना पुलिस के अनुसार योगेश सिंह (14) पुत्र तंवर सिंह प्राइवेट स्कूल में 9वीं क्लास में पढ़ता था। 19 दिसंबर को वह घर से स्कूल पहुंचा था। यहां क्लास में जाते समय उसको कार्डियक अरेस्ट आ गया। इस पर स्कूल टीचर उसे रावण गेट स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए। यहां से उसे एसएमएस रेफर कर दिया, जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। योगेश का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया गया। मामले में मेडिकल ज्यूरिस्ट कालूराम यादव का कहना है कि बच्चे की मांसपेशियां अत्यधिक सिकुड़ने और हार्ट का साइज बढ़ने से मौत हुई है। सामान्य व्यक्ति के हार्ट का वजन 250 से 300 ग्राम होता है, लेकिन योगेश के हार्ट का वजन 650 ग्राम था।

उसका हार्ट पंप नहीं कर पा रहा था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। सैंपलों को जांच के लिए अलग-अलग जगह पर भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट आनी बाकी है। योगेश के पिता तंवर सिंह ने बताया कि बेटा पूरी तरह फिट था, मगर बचपन से जुकाम रहने के कारण डॉक्टरों ने बताया था कि 12 साल तक यह परेशानी रहेगी। 12 साल बाद जुकाम की परेशानी दूर हो गई थी। घटना वाले दिन भी उसे किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं थी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

हरमाड़ा थाना क्षेत्र का मामला

# मां नहीं बन पाई तो किया सुसाइड

**बेधड़क** | जयपुर

हरमाड़ा थाना क्षेत्र में एक महिला ने मां नहीं बनने के कारण शनिवार देर रार आत्महत्या कर दी। पुलिस के अनुसार पति को सोता छोड़ महिला ने सुसाइड कर लिया। रविवार सुबह महिला दूसरे कमरे में फंदे से लटकी मिली। हरमाड़ा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए कांवटिया हॉस्पिटल की मुर्दाघर भिजवाया। पुलिस को मृतका के पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि श्याम वाटिका लोहामंडी निवासी



मनीषा ने सुसाइड किया है। करीब 8 साल पहले उसकी अक्षय कुमार से शादी हुई थी। अक्षय एक दवाई कंपनी में एमआर की जॉब करता है। मनीषा के बच्चे नहीं होने के चलते डॉक्टर से इलाज चल रहा था। शादी के बाद से ही मनीषा इस बात से दुखी थी। शनिवार रात को खाना खाने के बाद मनीषा और उसका पति अक्षय कमरे में सोने चले गए। देर रात पति को सोता छोड़कर मनीषा दूसरे कमरे में पहुंची और फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। रविवार सुबह करीब 6 बजे नींद खुलने पर अक्षय ने मनीषा को आवाज लगाई। जवाब नहीं आने पर दूसरे कमरे में जाकर देखा तो मनीषा फंदे से लटकी मिली। सुसाइड की सूचना पर हरमाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फंदे से शव को उतारकर कांवटिया हॉस्पिटल की मुर्दाघर भिजवाया।

### एमएनआईटी में आज मनाएंगे एल्यूमिनी डे

**जयपुर।** मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एल्यूमिनी एसोसिएशन की ओर से सोमवार को संस्थान के सेंट्रल लॉन में एल्यूमिनी डे मनाया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष देवराज सोलंकी ने बताया कि इस मौके पर वर्ष 1973 में संस्थान में प्रवेश लेने वाले पूर्व छात्रों की गोल्डन जुबली मनाई जाएगी। साथ ही 1999 बैच के आर्किटेक्ट ब्रांच और 1998 बैच के अन्य ब्रांच के पास आउट पूर्व छात्रों की सिल्वर जुबली मनाई जाएगी।

पीड़ित ने विद्याधर नगर थाने में दर्ज करवाया मामला

# लॉरैंस गैंग ने ज्वेलर को धमकी देकर मांगी 1 करोड़ की रंगदारी

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के एक ज्वैलर को लॉरेंस गैंग की ओर से फोन पर धमकी देकर 1 करोड़ की रंगदारी मांगी गई है। पीड़ित ज्वेलर ने मोबाइल नंबर पुलिस को देकर विद्याधर नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि सीकर रोड निवासी 29 साल के ज्वेलर ने रिपोर्ट दी है कि वह जवाहरात का कारोबार करता है। सीकर रोड पर उसका ज्वेलरी शोरूम है। शोरूम के फोन नंबर पर 19 दिसंबर को सुबह करीब 11:30 बजे फोन आया। कॉल को कर्मचारी ने उठाया।

इसमें फोन करने वाले ने कहा कि लॉरेंस गैंग का आदमी हूं। मेरा नाम अरविंद है। भरतपुर जेल से बोल रहा हूं। शाम तक 1 करोड़ रुपए का इंतजाम कर लो। बताओ रुपए लेने के लिए बंदे को कहां भेजना है। ज्यादा होशियारी की तो गोगामड़ी जैसा हाल हो जाएगा। गोलियां चल जाएंगी। खून-खराबा हो जाएगा। घटना के बाद डरे सहमे ज्वैलर ने विद्याधर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि लौरेंस गैंग की ओर से इससे पहले सितंबर में भी लॉरेंस के नाम से एक युवती और जयपुर के एक डॉक्टर से भी 50 लाख रुपए मांगने का मामला सामने आया था।

कलश मंदिरों में भेंट, 1-15 तक बांटे जाएंगे पीले चावल

# अयोध्या से आए अक्षत कलशों की निकाली शोभायात्रा

**बेधड़क** | जयपुर

अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे श्रीराम जन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां देशभर में उत्साह के साथ चल रही है। इस कड़ी में रविवार को सम्पूर्ण जयपुर जिला सहित मानसरोवर कि चार बस्तियों में श्रीराम मंदिर अक्षत कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में श्रद्धालुओं को आमंत्रित करने के लिए अयोध्या से अक्षत कलश आए हैं। इन्ही अक्षत कलश के साथ यात्रा में सैकड़ों रामभक्त मानसरोवर की शोभायात्रा में शामिल हुए। मानसरोवर सेक्टर 7 स्थित सप्तेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ इस शोभायात्रा का स्थानीय लोगों स्वागत किया।



### मंदिर समितियां देंगी निमंत्रण

श्रद्धालुओं की ओर से श्रीराम रथ के साथ स्थानीय बस्तियों में भी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। भगवा पत्रिकाओं के साथ सजा श्रीरामरथ भजन कीर्तन के साथ मध्यम मार्ग, एसएफएस होकर हंसविहार मंदिर पर पहुंचा। यहां मंदिर समिति के साथ स्थानीय धर्मावलंबियों की ओर से शोभायात्रा का स्वागत किया गया। ये कलश मंदिर समितियों को सौंपे गए। ये मंदिर समितियां 1 से 15 जनवरी के मध्य घर-घर जाकर पीले चावल, भगवान श्रीराम का चित्र और आमंत्रण पत्र देकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होने के लिए निमंत्रण देंगी। श्रीराम जन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सामाजिक समरसता बढ़ाने के उद्देश्य से वाल्मीकि व बैरवा समाज के लोगों की ओर से पवित्र अक्षत कलश स्थानीय मंदिर समितियों को भेंट किए गए।

### पीले चावल का हिंदू संस्कृति में महत्व

अयोध्या से जो कलश पहुंचे हैं उनको जयपुर के प्रसिद्ध मंदिरों में स्थापित किए गए है। जहां से जगह-जगह इस कलश में जो पीले चावल है उनको घर-घर वितरित किया जाएगा। जयपुर वासियों में भी अयोध्या जाने को लेकर गजब का उत्साह देखा जा रहा है। पीले चावल का अपना एक अलग महत्व इसलिए रहता है क्योंकि राजस्थान में कोई भी शुभ कार्य हो तो पीले चावल बांटकर न्योता दिए जाने की हिंदू संस्कृति के लिहाज से एक परंपरा बनी हुई है जो सदियों से चली आ रही है।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मामला दर्ज

# एफआईआर के लिए दलित को 5 महीने कटवाए चक्कर

**बेधड़क** | जयपुर

नारायण विहार में दबंगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने में दलित को 5 महीने लग गए। मामला भांकरोटा पुलिस थाने का है, जहां पीड़ित ने अगस्त में दबंगों के खिलाफ परिवाद दिया था, लेकिन 5 माह बीत जाने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। पीड़ित ने बताया कि जांच की जानकारी लेने जाने पर थाना पुलिस उसे भगा देती थी। पीड़ित मुकेश मेघवंशी ने बताया कि दबंगों के धमकाने पर एफआईआर दर्ज नहीं करने पर उच्च अधिकारियों को अपनी पीड़ा बताई। तब जाकर पुराने परिवाद पर थाना पुलिस ने बगरू निवासी राजू चौधरी व उसके साथियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में एफआईआर दर्ज की। जानकारी के अनुसार पीड़ित मुकेश मेघवंशी ने साल-2013 में नारायण विहार फेज-3 में उन्होंने प्लाट खरीदा था। 11 अगस्त-2023 में पड़ोसियों ने कॉल कर बताया कि दबंग प्लॉट पर कब्जा कर रहे हैं। पड़ोसियों की सूचना पर प्लाट पर पहुंचने पर 7-10 लोग तारबंदी करते मिले। उनमें खड़े व्यक्ति ने खुद का नाम राजू चौधरी बताया और गाली-गलौज कर जाति सूचक शब्द रहे। मारने तक की धमकी दी और वहां से भगा दिया। पुलिस का कहना है कि पिछले दिनों कई प्लाट ऑनरों ने राजू चौधरी के खिलाफ भांकरोटा थाने में प्लाटों पर कब्जा करने के प्रयास करने की शिकायत की है।

## जरूरी खबर

### महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क बांटी दवाएं



**अजमेर।** श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला की ओर से रविवार को निशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर छोटे धड़े की नसियां में लगाया गया। इसमें महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर निशुल्क दवाएं वितरित की गई। इस दौरान सेनेटरी पैड का भी वितरण किया गया। महासमिति की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मधु पाटनी ने बताया कि शिविर में महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य जांच और परामर्श कर दवाईयां दी गई। शिविर का उद्देश्य महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करना है।

### चोरों को पकड़ने आई हरियाणा पुलिस पर पथराव

**भरतपुर।** डीग जिले के कैथवाड़ा थाना इलाके के गांव खेड़ा बासौली गांव में हरियाणा पुलिस ने दबिश दी। हरियाणा पुलिस दो आरोपियों को पकड़ने के लिए आई थी, लेकिन ग्रामीणों ने हरियाणा पुलिस पर पथराव कर दिया। जिसमें गाड़ियों के शीशे टूट गए। हरियाणा पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। घटना रविवार सुबह करीब 5 बजे की है। हरियाणा के रोजका मेव थाने से दो लैपटॉप चोरी के आरोपियों की तलाश में लोकेशन के आधार पर पुलिस खेड़ा बासौली गांव पहुंची। जैसे ही हरियाणा पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की, तभी ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया।

### सड़क हादसे में कांस्टेबल घायल, अस्पताल में मौत



**अजमेर।** मदनगंज थाना पुलिस के कांस्टेबल सीताराम काला सड़क हादसे का शिकार हो गए। उपचार के दौरान उन्होंने अस्तपाल में दम तोड़ दिया। कांस्टेबल के निधन की सूचना के बाद जिला पुलिस में शोक की लहर फैल गई। डीएसपी मनीष शर्मा ने बताया कि जाटली गांव निवासी सीताराम काला जांबाज सिपाही था। बड़ी वारदातों को खोलने में उसकी अहम भूमिका रहती थी। शनिवार को जाटली मोड के पास सड़क हादसे में वह घायल हो गया। उसे किशनगढ़ के राजकीय अस्पताल से अजमेर के जेएलएन अस्पताल के लिए रैफर किया गया। यहां उपचार के दौरान सीताराम ने दम तोड़ दिया। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजन के सुपुर्द किया गया।

## आनंदम, मोहिनी अट्टम और गोतोपदेशम ने शिल्पग्राम की फिजा बनाई शास्त्रीयमय

# प्रिया के भरतनाट्यम का साक्षी बना मेवाड़

बेधड़क | उदयपुर

यहां 'शिल्पग्राम उत्सव' के चौथे दिन रविवार को मुक्ताकाशी मंच विश्व प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना और उनके सिद्धहस्त नृत्यांगनाओं के ग्रुप की शानदार प्रस्तुति का साक्षी बना। महज सात साल की उम्र में भरतनाट्यम का कड़ा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली प्रिया वेंकटरमन ने न सिर्फ अपनी, बल्कि पूरे ग्रुप की परफोरमेंस को नई ऊंचाइयां प्रदान कर नृत्यांगना के रूप में अपने कद का अहसास करा दिया।

नृत्य दीक्षा संस्था के इस क्लासिकल डांसर्स ग्रुप ने प्रिया के नेतृत्व और निर्देशन में 'आनंदम' के अंतर्गत 'आनंद नटम प्रकाशन' में जब नटराज शिव की आराधना की तो सुर, संगीत और स्तुति ने मानो शिव को साक्षात साकार होकर आशीर्वाद देने बुला दिया। इस नृत्य की लयकारी, ताल और नृत्य की महारत के मेल ने क्लासिकल के जानकार दर्शकों को तो रिझाया ही, शास्त्रीय नृत्यों की समझ नहीं रखने वाले सामयीन को भी दांतों तले अंगुली दबाने और वाह-वाह करने को विवश कर दिया। जब प्रिया सहित साथी नृत्यांगनाओं ने 'तिल्लाना' यानी 'तराना' की परफोरमेंस दी तो कला प्रेमी उसकी लयबद्धता और सुपर संगत के कायल हो गए। इस शुद्ध भरतनाट्यम में प्रिया के साथ ही तमाम डांसर्स का बेजोड़ सामंजस्य और भावभंगिमाओं ने ऐसा समां बांधा कि दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से आसमान गूंजा दिया। मुथ्थू स्वामी दिक्सितार की संगीतबद्ध इन दोनों प्रस्तुतियों में भरतनाट्यम के प्रमुख तत्व नृत्य, संगीत और नाट्य का अनूठा और शानदार संयोजन इसे उदयपुर और मरुधरा के लिए अविस्मरणीय बना गया।



### प्रिया के साथ रहीं ये नृत्यांगनाएं

राधिका सेन गुप्ता, सिरिशा सरकार, श्रेया अभिराम शेखर, मधिनी सुब्रह्मण्यम और आस्था रंगा।

### मोहिनी अट्टम केरल की एकल नृत्य परंपरा

मोहिनीअट्टम नृत्य शब्द मोहिनी के नाम से बना है। मोहिनी रूप भगवान विष्णु ने बुरी शक्तियों यानी राक्षसों और दैत्यों पर अच्छी शक्तियों की जीत के लिए धारण किया था। वर्तमान में मोहिनीअट्टम केरल की एक एकल नृत्य परंपरा है, जिसे प्रकृति नामक एक युवती ने, नृत्य और संगीत के माध्यम से स्वयं को मंदिर के देवता को समर्पित करने के लिए किया था। इसका एक रूप यह मंदिर की परिसीमा के अंदर, देवदासियों की परंपरा से जुड़कर, मंदिर अनुष्ठान के रूप में भी विकसित हुआ।

### मोहिनी अट्टम में जया के यशोधरा रूप ने किया अभिभूत

मोहिनी अट्टम की विश्व प्रसिद्ध नृत्यांगना जया प्रभा मेनन ने रविवार को जब सोलो परफॉर्मेंस दी तो यहां शिल्पग्राम उत्सव के दौरान मुक्ताकाशी मंच के हजारों दर्शकों के जेहन में महात्मा गौतम बुद्ध की कहानी उभर आई। अनिध्य रूप-सौंदर्य की प्रतिमूर्ति बनीं जया ने इस नृत्य में बुद्ध की पत्नी यशोधरा की भावनाओं को इतनी खूबसूरती से अपने बेजोड़ अभिनय से उकेरा मानो स्वयं यशोधरा मंच पर उतर आई हो। केरल के इस देवताओं को समर्पित शास्त्रीय नृत्य की गुरु जया प्रभा मेनन की भाव भंगिमाओं, लय और ताल के साथ सुंदर सामंजस्य ने दर्शकों को अभिभूत कर दिया। सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने यह नृत्य सजीव गायन यानी लाइव सॉन्ग पर किया। इस प्रस्तुति से पूर्व गणेश वंदना की गई। परफोरमेंस के दौरान जया व उनके ग्रुप की नृत्यांगनाओं ने गणेंश वंदन और पंदाट्टम में गीत, संगीत और स्टेप्स की शानदार संगत का प्रदर्शन किया।

### क्या है भरतनाट्यम

आमतौर पर यह मिथक है कि भरतनाट्यम 'भारत नाट्यम' यानी भारत की नृत्य नाटिका है। ऐसा कतई नहीं है। दरअसल, भरतनाट्यम में एक-एक शब्द का गहरा अर्थ है, इसमें भ-भाव या अभिव्यक्ति, राग-संगीत, ताल-लयबद्ध पैटर्न और नाट्यम का अर्थ नृत्य होता है। भरतनाट्यम् या सधिर अट्टम मुख्य रूप से दक्षिण भारत की शास्त्रीय नृत्य शैली है। इसके जनक राजा राजेन्द्र चोळा हैं, जो तमिलनाडु में लगभग 1000 ईसा पूर्व में शासन करते थे।



## कलाकारों ने केरल की नृत्य नाटिका 'कथकली' में साकार की महाभारत

- मंच पर साकार हुआ श्रीकृष्ण का विराट रूप
- दिल्ली के इंटरनेशनल सेंटर फॉर कथकली की प्रस्तुति

**उदयपुर।** महाभारत के महायुद्ध को नहीं होने देने के उद्देश्य से श्रीकृष्ण के पांडवों के दूत बनकर कौरवों के पास जाने के शांति मिशन की असफलता के बाद, कौरवों-पांडवों की सेनाएं कुरुक्षेत्र में आमने सामने खड़ी हैं। सामने सभी बड़ों और गुरु को देख मोहपाश में फंसा अर्जुन श्रीकृष्ण से पूछता है कि अपने ही रिश्तेदारों को मारकर युद्ध जीतने से क्या लाभ! सोचता है लौट जाएं। श्रीकृष्ण अर्जुन को बताते हैं कि एक क्षत्रिय के रूप में उसे धर्म के लिए युद्ध करना है। मौत और हत्या को सही परिप्रेक्ष्य में समझना होगा। आत्मा मरती नहीं है, यह केवल शरीर को छोड़ती है, ठीक उसी तरह से जैसे कि नए कपड़े पुराने को छोड़कर पहने जाते हैं।

अर्जुन में साहस और आत्मविश्वास भरने के लिए, भगवान कृष्ण अपना विराट रूप दिखाते हैं। अर्जुन देखता है कि भगवान के विराट रूप का न आरंभ, ना अंत है। वह सत्य को पूर्ण मात्रा में देखता है। इस सत्य के साक्षात दर्शन के बाद अर्जुन मोह मुक्त हो युद्ध के लिए तैयार हो जाता है। नई दिल्ली के इंटरनेशनल सेंटर फॉर कथकली की नृत्य नाटिका 'गीतोपदेशम' की प्रस्तुति का में यह दृश्य यहां शिल्पग्राम उत्सव के दौरान मुक्ताकाशी मंच पर महाभारत कथा को जीवंत कर गया। यह वृहद आयोजन पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से किया जा रहा है



### रौद्र भीम ने दुशासन के लहू से धोए द्रौपदी के केश

इसी नृत्य नाटिक के अंतर्गत द्रौपदी की प्रतिज्ञा पूरी करने के लिए श्रीकृष्ण से विशेष शक्तियां प्राप्त कर रौद्र भीम के रूप में कुरुक्षेत्र में दुशासन को मारने के बाद उसका लहू पीता है और द्रौपदी को वहीं बुलाकर उसके केश उस खून से धोकर उसके केश बांधता है। इतने भयंकर अमानवीय प्रतिशोध के लिए भीम कृष्ण से क्षमा मांगता है। झीकृष्ण उसे क्षमा कर आशीर्वाद देते हैं।

### सामूहिक शास्त्रीय पेशकश ने मोहा


अंत में कथकली, भरतनाट्यम और मोहिनी अट्टम के डांसर्स ने मिलकर एक सामूहिक नृत्य पेश किया। इसमें तीनों अलग विधाओं के नृत्य होने के बावजूद जो बेहतरीन तालमेल देखा गया, वह काबिले तारीफ रहा। इस प्रस्तुति के बाद तीनों दलों को पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता और अन्य अतिथियों ने पोर्टफोलियो दे शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## नाथद्वारा में बनती हैं खूबसूरत तलवारें

# शिल्पग्राम उत्सव में आईं सजावटी तलवारें

**उदयपुर।** एक राजस्थानी दोहा है- माई एहड़ा पूत जण, जेहड़ा राणा प्रताप... अकबर सूतो औझके... जाण सिराणे सांप। मेवाड़ की धरती राजपूताने की आन-बान और शान कहलाए जाने वाले महाराणा प्रताप की बहादुरी की साक्षी है। इस पावन वसुंधरा पर कदम रखते ही उनके साथ उनकी उस तलवार की कल्पना भी जेहन में उभर आती है, जिससे उन्होंने एक ही वार में मुगल सेना के सेनापति बेहलोल खां को घोड़े सहित दो भागों में चीर दिया था।

इस मेवाड़ में आज भी तलवारें बनती हैं, लेकिन सजावट के लिए, अब रियासतों और युद्धों का तो जमाना जो नहीं रहा। यहां चल रहे शिल्पग्राम उत्सव में स्टाल संख्या 14 पर विभिन्न आकार-प्रकार की खूबसूरत तलवारों, कटारों और गुप्तियों की बिक्री कर रहे नाथद्वारा के तलवारों के दस्तकार अंबालाल बताते हैं, "अब तो कानूनन धारदार हथियार नहीं रखा जा सकता, ऐसे में हम सजावटी तलवारें-कटारें आदि बनाते हैं। अब आमजन की डिमांड के मद्देनजर पन्नी और तारों के वर्क वाले बांस की लाठी भी बनाने लगे हैं।" वे बताते हैं कि उनकी तलवारों की खासियत उनका हत्था होता है, जो विभिन्न डिजाइंस में ढाल कर बनाते हैं। वे मुख्यतः बाज, हाथी और शेर की आकृति के हत्थे बनाते हैं। इनमें शेर खरगोश पर झपटते दिखता है। ये हत्थे गोल्डन और सिल्वर दोनों कलर्स में होते हैं।



### निर्माण में यह है आवश्यक सामग्री

अंबालाल बताते हैं कि तलवार में वैसे तो ज्यादा सामग्री की आवश्यकता नहीं पड़ती, मगर वे हमेशा उम्दा क्वालिटी की सामग्री का इस्तेमाल करते हैं। इसमें पीतल और लकड़ी (हत्थों के लिए), ब्लेड (तलवार के फल के लिए), लेदर और वेल्वेट (म्यान के लिए) और पॉलिश (चमकाने के लिए) लाते हैं। इसके अलावा गोटा और सुंदर पन्नियां भी म्यान आदि को डेकोरेट करने के लिए काम में लेते हैं।

### अलग-अलग साइज की होती हैं तलवारें

अंबालाल एक फुट से लेकर ढाई फुट तक की तलवार बनाते हैं। इसके अलावा वे दो इंच से एक फुट तक की कटार के साथ ही विभिन्न साइज की गुप्तियां भी बनाते हैं। अंबालाल बताते हैं कि उनका सबसे अधिक सुंदर और सजावटी आइटम होता है शील्ड, जिसमें एक शील्ड पर दो तलवारें ऐसे लगी होती हैं, मानो ढाल के साथ लगी हों। इन शील्ड के लिए 1 से लेकर 4 फुट तक की तलवारें बनती हैं। ऑर्डर के अनुसार डिजाइन, कलर और साइज तय होती है। वे बताते हैं अब नाथद्वारा में तलवारों की बिक्री इतनी कम हो गई है कि उन्हें इस पुश्तैनी व्यवसाय को चलाते रहना दूभर हो रहा है। बैंक उनको कर्ज भी नहीं देती, जिससे वे अपना शो रूम खोल सकें, ताकि बिक्री बढ़े और आने वाली पीढ़ियों को भी इस व्यापार को अपनाने में घबराहट नहीं हो। वे बताते हैं, "वैसे, शिल्पग्राम उत्सव जैसे आयोजनों में स्टाल मिलने से काफी सहारा मिल रहा है।"

## गुजरात दिवस पर रही गरबा सहित गुजराती नृत्यों की धूम



**उदयपुर।** शिल्पग्राम उत्सव के अंतर्गत रविवार को मंच पर गुजरात दिवस गरबा की धुनों और शानदार नृत्यों के साथ मनाया गया। इस दौरान गुजराती गरबा-डांडिया के विभिन्न रूपों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस गुजराती लोक संस्कृति के साकार करती प्रस्तुति के दौरान प्राचीन यानी परंपरागत गरबा, झालावारी गरबा, डांग नृत्य, अर्वाचीन गरबा, ढाल तलवार रास, सिद्धि धमाल और जय-जय गरवी गुजरात के सुपर फ्यूजन ने दर्शकों का दिल जीत लिया। अंत में सभी कलाकारों को पोर्टफोलिया देने के साथ ही शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

### फड़ महिला कार्यशाला

शालिग्राम के मुक्ताकाशी रंगमंच के पास फड़ महिला कार्यशाला में 30 महिलाएं भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन करने के साथ ही उसमें निखार ला रही हैं। इन्हें छीतरमल जोशी और हेमंत जोशी प्रशिक्षण दे रहे हैं।

## ई-मित्र संचालक ने दोस्त के साथ मिलकर रची साजिश

# घर में घुसे चोरों ने मां-बेटी और भतीजी का गला रेता, महिला की हुई मौत

बेधड़क | जोधपुर

जिले के बिलाड़ा थाना क्षेत्र के लांबा गांव में शनिवार देर रात एक घर में घुसे चोरों ने मा-बेटी और भतीजी का चाकू से गला रेत दिया। इस हमले में महिला की मौत हो गई वहीं दोनों बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गईं, जो अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहीं हैं।

दरअसल चोरी करने पहुंचे दोनों आरोपियों को महिला ने पहचान लिया जो उसी गांव के थे। इसके चलते पोल खुलने के डर से आरोपियों ने चाकू से महिला की हत्या कर दी। इस दौरान घर में मौजूद 12 साल की भतीजी ने चोरों को देख लिया तो वह मदद मांगने के लिए छत पर जाकर चिल्लाने लगी तो आरोपियों ने उसे नीचे लाकर उसके गले पर चाकू मारा। इतना ही नहीं चोरों ने मृतका की एक साल की बच्ची पर भी चाकू से वार किया। हालांकि, ग्रामीणों को आरोपियों का पता चल गया। ग्रामीण महिला और दोनों बच्चियों को तुरंत बिलाड़ा के सरकारी अस्पताल लेकन पहुंचे, जहां महिला की मौत हो गई। वहीं दोनों बच्चियों अस्पताल में उपचार चल रहा हैं। रविवार सुबह परिजनों से घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी घर जाकर सो गए थे।



### सास गई शादी में बहू थी अकेली

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्रसिंह यादव ने बताया कि लाम्बा गांव निवासी महेंद्र विश्नोई की पत्नी अंजू (25) अपनी एक साल की बेटी काव्या और सास के साथ रहती थी। अंजू का पति महेंद्र ट्रक चलाता है। शनिवार को परिवार में शादी थी, इसलिए उसकी सास वहां शामिल होने गई तो 12 साल की भतीजी कुसुम को बहू अंजू के पास छोड़ दिया, जिससे वह अकेली नहीं रहे। सास घर के मुख्यगेट पर ताला लगाकर गई थी। सास की वृद्धावस्था पेंशन शुरू होने वाली है। ऐसे में सास गांव के ई-मित्र संचालक अनिल विश्नोई (24) से मिली थी। ई-मित्र संचालक अनिल विश्नोई ने रात में वृद्धा को फोन कर पेंशन को लेकर कहा कि सुबह अपना आधार कार्ड लेकर आना। इस पर वृद्धा ने कह दिया कि वह घर पर नहीं है, सुबह बात करेगी। इससे अनिल को लगा कि घर में कोई नहीं है और चोरी की जा सकती है। इस पर उसने अपने साथी साहिल (26) को साथ लिया और चोरी के लिए दोनों पहुंचगए। शनिवार रात दस बजे अनिल और साहिल घर में चोरी करने घुसे।

### ताला तोड़ने की आवाज से जागी महिला पर चाकू से हमला

अनिल को यह अंदाजा था कि सभी घरवाले शादी में गए हैं। उसे यह पता नहीं था कि अंजू घर में ही है, क्योंकि घर के बाहर ताला लगा था। इस पर शनिवार रात करीब 10 बजे अनिल और साहिल ने ताला तोड़ा तो अंजू जाग गई। उसने अनिल को पहचान लिया और ताला तोड़ने का उलाहवना दिया तो वह घबरा गया। पोल खुलने के डर से दोनों ने चाकू से अंजू का गला रेत दिया। वहीं भतीजी कुसुम ने आरोपियों को अंजू की हत्या करते देख लिया और छत पर चढ़कर बचाने के लिए आवाज लगाने लगी। आरोपी छत से कुसुम को पकड़ कर लाए और चाकू से गले पर वार किए। अंजू की 1 साल की बेटी पर भी चाकू से हमला किया। इसके बाद आरोपी फरार हो गए।

### ऐसे हुआ घटना का खुलासा

आरोपियों के जाने के बाद कुसुम ने अपने छोटे दादा चैनाराम को फोन किया और बताया कि ई-मित्र संचालक अनिल और साहिल ने चाची, उनकी बेटी काव्या और मेरे ऊपर चाकू से हमला कर दिया है। चैनाराम तुरंत अन्य परिजन के साथ घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। अंजू की सास और अन्य परिजन भी घर पहुंच गए। तीनों घायलों को लेकर तुरंत बिलाड़ा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने अंजू को मृत घोषित कर दिया और दोनों बच्चियों को भर्ती कर लिया। सुबह दोनों बच्चियों को जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सूचना पर पुलिस व एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए।

## तनाव और दबाव कम कर प्रतियोगी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं भावी डॉक्टर्स

# चिकित्सक बनने की यात्रा आसान बनानी है तो स्टडी के साथ 'मन' पर करें काम



**बेधड़क** | जयपुर

आप किसी भी बच्चे से पूछेंगे कि वो बड़ा होकर क्या बनना चाहता है, तो अधिकांश बच्चों का जवाब होगा-डॉक्टर। डॉक्टर को सामाजिक, आर्थिक व स्थायित्व, हर दृष्टि से एक शानदार प्रोफेशन माना जाता है। लेकिन डॉक्टरी का प्रोफेशन जितना आकर्षक है उतनी ही कठिन है डॉक्टर बनने की राह। डॉक्टर बनने की यात्रा निसंदेह चुनौतीपूर्ण यात्रा है।

मेडिकल कोर्स में प्रवेश की योग्यता परीक्षा NEET में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव छात्रों के लिए तनाव का कारण बन सकता है, जिसे अगर प्रबंधित नहीं किया जाए तो तो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। पिछले दिनों में लगातार सामने आई कोचिंग छात्रों की आत्महत्या की खबरें इसी तनाव और दबाव का परिणाम हैं। NEET उम्मीदवारों को तनाव कम करने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद करने के लिए यहां 10 प्रभावी रणनीतियां दी गई हैं।

याद रखें, NEET परीक्षा में सफलता केवल कठोर अध्ययन से ही हासिल नहीं की जा सकती, इसके लिए स्वस्थ दिमाग और तंदुरुस्त शरीर भी जरूरी है। इन तनाव कम करने की रणनीतियों को अपनी दिनचर्या में शामिल करके छात्र अपनी तैयारी को अनुकूलित कर सकते हैं और एक बेहतर मानसिकता के साथ परीक्षा दे सकते हैं।

## डॉक्टरी का प्रोफेशन जितना आकर्षक है उतनी ही कठिन है राह

### संतुलित पोषण

पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार हैल्दी माइंड की कुंजी है। अत्यधिक कैफीन या शर्करा युक्त खाद्य पदार्थों से बचें, क्योंकि वे ऊर्जा की कमी और मूड में बदलाव का कारण बन सकते हैं। ऐसे आहार का चयन करें जो निरंतर ऊर्जा स्तर और मस्तिष्क के फंक्शन्स को ठीक रखने में मदद करता हो।



### शौक और मनोरंजन

पढ़ाई से इतर उन गतिविधियों के लिए समय जरूर रखें जिनका आप आनंद लेते हैं। चाहे वह पढ़ना हो, संगीत हो, या कोई शौक हो, मनोरंजक गतिविधियों में संलग्न होने से मानसिक विश्राम मिलता है और एक स्वस्थ वर्क-लाइफ संतुलन को बढ़ावा मिलता है।



### ऑर्गेनाइज्ड स्टडी शेड्यूल

एक सुव्यवस्थित स्टडी शेड्यूल बनाना सबसे जरूरी है। अपने अध्ययन सत्रों को बीच-बीच में छोटे-छोटे ब्रेक के साथ अलग अलग पार्ट्स में बांटें जिससे एक साथ लंबे समय तक पढ़ाई का बोझ ना आए। ऑर्गेनाइज्ड शेड्यूल से लगातार फोकस बनाए रखने और अत्यधिक थकान को दूर रखने में मदद मिलेगी।



### पर्याप्त नींद

सुनिश्चित करें कि आपको हर रात पर्याप्त नींद मिले। नींद की कमी से संज्ञानात्मक कार्य खराब हो सकता है और तनाव का स्तर बढ़ सकता है। अपने शरीर और दिमाग दोनों को तरोताजा करने के लिए 7-8 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद का लक्ष्य रखते हुए एक हैल्दी नींद जरूर लें।



### ब्रीदिंग एक्सरसाइज

गहरी सांस लेने के व्यायाम के माध्यम से तनाव दूर करने के साथ ही फोकस बढ़ाने में मदद मिलती है। कॉन्शियस ब्रेथिंग को मस्तिष्क की चंचलता को रोकने में बेहद मददगार माना जाता है। अपने दिमाग को शांत करने और चिंता को कम करने के लिए डायफ्रामिक सांस लेने जैसी तकनीकों का अभ्यास करें। कुछ मिनटों की केंद्रित श्वास तनाव के स्तर में महत्वपूर्ण अंतर ला सकती है।



### नियमित फिजिकल एक्सरसाइज

नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या में जरूर शामिल करें। फिजिकल एक्सरसाइज एक प्रभावी तनाव निवारक है, जो एंडोर्फिन रिलीज करने में मदद करके मूड को अच्छा करती है। चाहे वह तेज सैर हो, योग हो या कसरत सत्र हो, ऐसी गतिविधि खोजें जो आपके लिए उपयुक्त हो और उसे अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें।



### टाइम मैनेजमेंट

परीक्षा के भारी सिलेबस के साथ दिनचर्या को व्यवस्थित रखने के लिए टाइम मैनेजमेंट बहुत जरूरी है। कार्यों को प्राथमिकता दें, यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करें और विश्राम के लिए डेडिकेटेड टाइम आवंटित करें। अपनी पढ़ाई के प्रति एक सुव्यवस्थित दृष्टिकोण आपाधापी से जुड़े तनाव को कम कर सकता है।

### पॉजिटिव अफर्मेशन्स

अफर्मेशन के माध्यम से सकारात्मक मानसिकता विकसित की जा सकती है। स्वयं को अपनी क्षमताओं और शक्तियों की याद दिलाएं। सकारात्मक सेल्फ टॉक से आत्मविश्वास और लचीलापन बढ़ाने में बहुत मदद मिलती है। इससे स्पष्ट परिप्रेक्ष्य के साथ चुनौतियों का सामना करने की ताकत मिलती है।



### सोशल सपोर्ट



दोस्तों, परिवार और साथी उम्मीदवारों से लगातार संपर्क रखें। अपने अनुभव और चिंताएं साझा करने से भावनात्मक समर्थन मिल सकता है। याद रखें, आप इस यात्रा में अकेले नहीं हैं, और एक सहायक नेटवर्क इस प्रक्रिया को और अधिक आसान बना सकता है।

## Yuva स्टोरीज



**जयपुर की दीया शर्मा ने जीते दो गोल्ड |**

**जयपुर।** बेंगलुरु में चल रही जूनियर नेशनल घुड़सवारी प्रतियोगिता 2023-24 में जयपुर की दीया शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम स्पर्धा में दो गोल्ड मेडल जीते। जयपुर की दिया शर्मा सागर इक्वेस्ट्रियन स्पोर्ट्स अकादमी में कैप्टन भागीरथ के दिशा निर्देश में पिछले 3 साल से कोचिंग ले रही है।



**क्रिसमस सेलिब्रेशन में बच्चों ने की मस्ती|**

**जयपुर।** जयपुर के सोडाला स्तिथ ग्रीन वैली सैकेंडरी स्कूल में क्रिसमस सेलिब्रेट किया गया। इस मौके पर टीचर्स और बच्चों ने खुशियां मनाईं। बच्चे सेंटा बनकर आए और केक काटते हुए एक-दूसरों को टॉफी बांटकर त्योहार मनाया। क्रिसमस सेलिब्रेशन के मौके पर स्कूल में विभिन्न कार्यकमों को आयोजन भी किया गया। सेंटा की वेशभूषा में बच्चों ने जमकर मस्ती की।



**सांता ने उपहार के रूप में बांटी खुशियां |**

**जयपुर।** बच्चों ने क्रिसमस की खुशियां बांटकर एकता व शांति का मैसेज दिया। मौका था कुन्दनपुरा स्थित गोल्डन ऐरा एकेडमी में क्रिसमस मनाने का। प्रधानाध्यापिका पवनदीप कंग ने बताया, कि बच्चे सांता की पोशाक पहनकर आए और अलग-अलग क्रिसमस सॉन्ग्स पर डांस किया। सांता ने बच्चों को गिफ्ट्स बांटे। साथ ही बच्चों को क्रिसमस का इतिहास और महत्व बताया गया।

## स्नेह आंगन इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव आयोजित

# नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियों ने बांधा समा

**बेधड़क** | जयपुर

रेनवाल के सलग्रामपुरा स्थित स्नेह आंगन इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। नन्हे-मुन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक रंग की ऐसी छठा बिखरी, की दर्षक मंत्रमुग्ध हो गए। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं।


कार्यक्रम का शुभारंभ संजय कुमार निराला, राज्य चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट, यूनिसेफ, राजस्थान एवं शिवभगवान, ब्लॉक विकास अधिकारी, किशनगढ़ रेनवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया। ब्लॉक विकास अधिकारी ने अपने उद्बोधन में विद्यालय को गामीण क्षेत्र में बहुत ही उपयोगी बताया। विद्यालय की निदेशक नीतू प्रसाद द्वारा बताया गया कि ग्रमीण क्षेत्र में विद्यालय प्रारंभ करते समय बहुत की शंकाए थीं, मगर लोगों का स्नेह एवं सहयोग नियमित मिलने के कारण सकारात्मक परिणाम मिला है। साथ ही षिक्षकों की कडी मेहनत के बदौलत बच्चों में परिवर्तन साफ दिखाई दे रहा है।



### बच्चों की सराहनीय प्रस्तुतियां

जयवर्धन, विनय, प्रदुमन, यशवीर, श्वेता, दृष्टि, सोनम, राधिका, आराधना, मयंक, सिद्धार्थ, पार्थ, विशेष, श्रेय आदि ने कार्यक्रम में सराहनीय प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर रामेश्वर प्रसाद, यूनिसेफ के सलाहकार धर्मेन्द्र कुमार, कपिल देव प्रसाद, पी.सी.सी. आर के संस्थापक विपिन तिवारी, सी.ई.ओ. अजय तिवारी, स्नेह आंगन परिवार के सभी शिक्षकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रभारी राम परमार ने सभी आगंतुकों का साधुवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापकों को धन्यावाद ज्ञापित किया।

# जयपुराइट्स ने उठाया क्रिसमस का आनंद



**जयपुर**। एनजीओ के बच्चों के लिए गिफ्ट्स पैक किए गए। साथ ही कल्चरल ईव में बैंड की धुनों को एंजॉय भी किया तो प्रदेश भर के फूड के बारे में जानने का मौका मिला। ये सब एक्टिविटीज देखी गई डिग्गी पैलेस में वोकल फॉर लोकल को बढ़ाने के लिए "द विंटर फ्ली" में, जहां जयपुराइट्स शामिल हुए। बुनकरों, स्टार्टअप और ब्रांडों को एक ही मंच पर लाया गया तो हर उम्र के लोग रोमांचित दिखे। साथ ही फेस्टिवल में कलाकारों की एक श्रृंखला और 100 से अधिक पॉप-अप्स शामिल आए। बच्चों ने 'विंटर वंडरलैंड' को एंजॉय किया। साथ ही क्रिसमस से पहले फेस्टिवल में क्रिसमस ट्री लाइटिंग सेरेमनी को जयपुराइट्स ने एंजॉय किया। फेस्टिवल में एक विशेष पहल 'सीक्रेट सांता' ने आकर्षित किया।

**पहल** | **प्लास्टिक की बोतलों से प्याऊ बनाकर दे रहे संदेश**

# विनाशकारी प्रदूषण कम करने का किया दृढ़ निश्चय

**बेधड़क** | जयपुर

बहुत कम लोग जानते हैं, कि एक प्लास्टिक की बोतल को नष्ट होने में 700 वर्ष का समय लगता है। पानी की खाली बोतलों को बिना सोचे समझे कि इससे पर्यावरण को कितना नुकसान पहुंच सकता है इधर-उधर फेंक देते हैं। इसी जानकारी को समाज तक पहुंचाने के उद्देश्य से आर्किटेक्ट रूबी गोस्वामी ने अपनी बेटी अहाना गोस्वामी को अपने स्कूल मित्रों के साथ सड़क पर फेंकी पानी की प्लास्टिक की बोतलों को इकट्ठा कर एक प्याऊ बनाने के लिए प्रेरित किया। ऐसे में स्कूली बच्चों ने सड़कों से बोतलों को इकट्ठा करने की योजना बनाई और उनका सदुपयोग करते हुए प्याऊ बनाने का काम शुरू किया। देखते ही देखते खाली बोतलों में मिट्टी भरकर उसे मजबूती देते हुए प्याऊ का रूप दे दिया गया। अब बच्चों की मेहनत के फल स्वरूप शहर के तिलक नगर के प्रभु मार्ग से गुजरने वाले राहगीर प्याऊ से पानी पीकर प्यास बुझाते हैं। साथ ही प्याऊ पर प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में पोस्टर लगाए गए हैं, जिससे आमजन अवेयर हो सकें। स्कूली बच्चों द्वारा प्लास्टिक की बोतलों से धरती पर उत्पन्न होने वाले इस विनाशकारी प्रदूषण को कम करने का यह एक छोटा लेकिन सार्थक प्रयास है जिसका हर कहीं अनुसरण होना चाहिए।






# राष्ट्र संस्कृति के अग्रदूत महामना मालवीय



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पंडित मदनमोहन मालवीय जी का संपूर्ण सामाजिक-राजनीतिक जीवन स्वदेश के खोए गौरव को स्थापित करने के लिए प्रयासरत रहा। जीवन-युद्ध में उतरने से पहले ही उन्होंने तय कर लिया था कि देश को आजाद कराना और सनातन संस्कृति की पुर्नस्थापना उनकी प्राथमिकता होगी। 1893 में कानून की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद वे इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वकालत करने लगे। बतौर वकील उनकी सबसे बड़ी सफलता यह रही कि उन्होंने चैरी-चैरा कांड के 151 अभियुक्तों को, जिन्हें सत्र न्यायाधीश ने फांसी की सजा दी थी, उच्च न्यायालय में पैरवी करके बचा लिया। उनकी इस सफलता ने आजादी के दिवानों में इंकलाब ला दिया। उनका मकसद भी था कि देश के युवा आजादी की लड़ाई से जुड़े और भारतीय संस्कृति की पुर्नस्थापना के संवाहक बनें। इसी उद्देश्य से उन्होंने 4 फरवरी, 1916 को बसंत पंचमी के दिन काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) की स्थापना की। एक लोकश्रुति है कि पंडित मदन मोहन मालवीय जी ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना का संकल्प इलाहाबाद के कुंभ मेले में देश भर से आए श्रद्धालुओं के बीच जब व्यक्त किया तो उस समय एक वृद्धा ने उन्हें चंदे के रुप में एक पैसा दिया। इसके उपरांत मालवीय जी ने विश्वविद्यालय के विकास के लिए चंदा इकठ्ठा करने के लिए देश भर की यात्रा की। कहा जाता है कि जब काशी नरेश गंगा से डुबकी लगाकर निकले तो सामने मालवीय जी खड़े थे। वे उनसे विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए दान में जमीन मांग ली। कलकत्ता के दानवीरों ने उन्हें रथ पर बिठाया और घोड़ों की जगह खुद जुते। जब वे रामपुर के नवाब से विश्वविद्यालय के लिए धन मांगने गए तो उसने उनका तिरस्कार करते हुए अपनी जूती दान में दिया। लेकिन मालवीय जी इससे विचलित नहीं हुए। उन्होंने नवाब की जूती को उसका इज्जत बता नीलामी के लिए बाजार में बैठ गए। नवाब पानी-पानी हो गया। उसे मुंहमांगी बोली लगाकर मालवीय जी से जुतियां खरीदनी पड़ी। एक कहावत यह भी है कि उसी समय एक सेठ का निधन हुआ और मालवीय जी उसकी शव यात्रा में लुटाए जा रहे पैसों को बटोरना शुरु किया। जब लोगों ने उनसे पूछा कि आप क्या कर रहे हैं तब उन्होंने कहा कि 'निजाम का दान न सही, शव-विमान का ही सही।' जब यह बात निजाम के कानों तक गयी तो वह बहुत शर्मिंदा हुआ और मालवीय जी को ढ़ेर धनराशि दी। मालवीय जी को विश्वास था कि राष्ट्र की उन्नति तभी संभव है जब लोग सुशिक्षित होंगे। मालवीय जी ने शिक्षा संपूर्ण भारत में शिक्षा का प्रचार किया। उनका स्पष्ट मानना था कि व्यक्ति अपने कर्तव्यों और अधिकारों का समुचित पालन तभी कर सकता है जब वह शिक्षित होगा। मालवीय जी 1919 से 1939 तक काशी हिंदू विश्वविद्यालय के उपकुलपति रहे। उन्होंने विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य प्रकट करते हुए एक दीक्षांत भाषण में कहा था कि 'इस विश्वविद्यालय की स्थापना इसलिए की गयी कि यहां के छात्र विद्या अर्जित करें, देश व धर्म के सच्चे सेवक बनें, वीरता के साथ अन्याय का प्रतिकार करें।' आजादी की लड़ाई और उसके बाद इस विश्वविद्यालय ने देश की जो सेवा की, वह सर्वविदित है। मालवीय जी सनातन हिंदू थे। वे तिलक लगाते थे और संध्यापूजन करते थे। जब वे गोलमेज परिषद में गए तो अपने साथ गंगाजल ले गए। 1923 और 1936 में दो बार हिंदू महासभा के प्रधान चुने गए। उनका कहना था 'मैं चाहता हूं कि भारत के गांव-गांव में हिंदू सभाएं स्थापित हों और हिंदुओं के शक्तिशाली संगठन हों।' लेकिन उनका हिंदुत्व संकीर्ण परिधि में सीमित नहीं था। उन्होंने एक संस्था की स्थापना की थी जिसका काम उन अस्पृश्यों को हिंदू धर्म में दीक्षित करना था, जिन्हें ईसाई मिशनरियों ने ईसाई बना दिया था। मालवीय जी सनातन संस्कृति और भारतीय भाषा के पक्षधर थे। 1937-38 की एक घटना का खूब जिक्र होता है जब मालवीय जी को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में दीक्षांत भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया था। विश्वविद्यालय के इतिहास में अभी तक दीक्षांत भाषण अंग्रेजी में ही दिए जाने की परंपरा रही। लेकिन मालवीय जी ने उस परंपरा को तोड़ हिंदी में भाषण देकर देशभक्ति का अनूठा उदाहरण पेश किया। 'सर, स्पीक इन इंगलिश, वी कांट फॉलो योर हिंदी' जैसे ही श्रोताओं के बीच से यह आवाज गूंजी तो पंडित मदन मोहन मालवीय जी का चेहरा तमतमा गया। उन्होंने तपाक से जवाब दिया 'महाशय, मुझे भी अंग्रेजी बोलना आता है। शायद हिंदी की अपेक्षा मैं अंग्रेजी में अपनी बात अधिक अच्छे ढंग से कह सकता हूं, लेकिन मैं एक पुरानी अस्वस्थ परंपरा को तोड़ना चाहता हूं।' विदेशी हुकुमत की दृष्टि में देशभक्ति राष्ट्रद्रोह था। लेकिन मालवीय जी के रोम-रोम में देशभक्ति समायी हुई थी। उनका जीवन प्रतिक्षण राष्ट्र के लिए समर्पित था। गांधी जी उन्हें सबसे बड़ा देशभक्त मानते थे। एक बार कहा भी कि 'मैं मालवीय जी की देशभक्ति की पूजा करता हूं।' मालवीय जी के विशाल हृदय में समाज के सभी वर्गों के लिए सम्मान और प्रेम था।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती पर विशेष




## सुशासन दिवस पर विशेष

# सुराज एक अधूरा सपना





डॉ. सी.बी. यादव
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *भारतीय लोक सेवाएं अभी भी ब्रिटिशकालीन कुलीन मानसिकता से ग्रसित पाई जाती है। मैकाले द्वारा स्थापित सामान्यज्ञ आधारित लोक सेवाएं अभी भी श्रेष्ठता व सब कुछ ज्ञाता की मानसिकता से ग्रसित है। तथा शक्ति केंद्रित व्यवस्था के तहत सभी विशेषज्ञ आधारित सेवाओं पर भी एकाधिकार जमाने की मनोवृति से पीड़ित हैं। इसके लिए आवश्यकता है कि लोकसेवाओं की भर्ती एवं प्रशिक्षण व्यवस्था में आमूलचूल बदलाव किया जाए।*

भारत में 25 दिसंबर को प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश में सभी राज्यों एवं केंद्र की सरकारें भी नागरिकों को सुशासन देने दावा करती है। प्रत्येक चुनाव में राजनीतिक दल भी सुशासन लाने के वादे के साथ जनता के बीच जाते हैं। लेकिन एक महत्वपूर्ण सवाल यहां उठना लाजिमी है कि आखिर सुशासन ऐसी किस प्रकार की व्यवस्था है जिसे हर सरकार इसे देंने का दावा तो करती है लेकिन कभी पूरा नहीं होता एवं हर चुनाव में यह मुद्दा पुनः रख दिया जाता है। स्वतंत्रता के उपरांत अभी तक की हमारी सुशासन की यात्रा कितनी पूरी हो चुकी है ? एवं इस यात्रा में किस प्रकार की चुनौतियां हैं ? जिन्हें दूर करके हम नागरिकों को एक वास्तविक सुशासन प्रदान कर सके। यह प्रश्न सुशासन दिवस पर अवश्य ही विचारणीय होना चाहिए।

वस्तुतः सुशासन की आधुनिक अवधारणा पश्चिमी देशों एवं वैश्विक आर्थिक संस्थानों जैसे विश्व बैंक व आईएफएम द्वारा तीसरी दुनिया के देशों में प्रशासनिक सुधार के संदर्भ में कुछ शर्तों को लगाने के संदर्भ में किया गया। इन संकल्पना में पश्चिमी देशों की प्रशासनिक व्यवस्थाओं को आदर्श मानते हुए उन्हें तीसरी दुनिया की व्यवस्था में स्थापित करने के प्रयास के रूप में देखा गया। लेकिन यह कोई नई अवधारणा नहीं है इसे हर कालखंड में एक आदर्श व्यवस्था के रूप में हमेशा से ही देखा गया है। भारतीय संदर्भ में इसे रामराज्य के रूप में भी पौराणिक कथाओं में प्रयोग किया गया है। इसका तात्पर्य यह है कि सुशासन एक ऐसी आदर्श व्यवस्था है जो किसी शासन की स्थिति विशेष में सरकार द्वारा नागरिकों को बेहतरीन प्रशासनिक व्यवस्था उपलब्ध करवाई जा सके। दूसरे शब्दों में सुशासन एक नागरिक केंद्रित शासन व्यवस्था है जिसका उद्देश्य समाज को न्याय, सशक्तीकरण और प्रभावी सेवा वितरण सुनिश्चित करना है । इसका तात्पर्य यह हुआ कि सुशासन कोई एक सार्वभौमिक संकल्पना नहीं है बल्कि हर राष्ट्र या राज्य के लिए इसके घटकों की प्राथमिकता का क्रम अलग-अलग हो सकता है।

वर्तमान में वैश्विक व्यवस्थाओं में एकरूपता स्थापित हुई है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए 21वीं सदी में सुशासन की संकल्पना के कुछ आधारभूत सार्वभौमिक घटकों को सभी प्रशासनिक व्यवस्थाओं में स्वीकार किया जाने लगा है। जिसमें नागरिकों की प्रशासन में सक्रिय पारदर्शी, संवेदनशील एवं अनुक्रियाशील प्रशासन, लोक सेवाओं की जवाबदेहिता एवं संसाधनों का पूर्ण उपयोग करने वाली दक्ष प्रशासनिक व्यवस्था, प्रशासनिक व्यवस्था में आधुनिक तकनीक का समावेश हो एवं विधि के शासन के साथ-साथ इस प्रकार की प्रशासनिक व्यवस्था में सामाजिक न्याय पर आधारित प्रशासन कार्य करें जिसमें कमजोर वर्ग के प्रति संवेदनशीलता के साथ उन्हें नागरिक सुविधाओं को उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित किया जा सके एवं इसके परिणामस्वरुप समाज में समता एवं समावेशी विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। लेकिन यहां पुनः प्रश्न उत्पन्न होता है कि भारतीय संदर्भ में सुशासन के मापदंडों में क्या पूरी तरह से पश्चिमी राष्ट्रों की व्यवस्थाओं का अनुकरण करना उचित होगा ? इसके लिए हमें हमारे संविधान एवं स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों को देखने की आवश्यकता है। महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान इस प्रकार की व्यवस्था के लिए सुराज शब्द का इस्तेमाल किया तथा इसका अंतिम उद्देश्य सर्वोदय की प्राप्ति रखा। जहां गांधी का सुराज से तात्पर्य एक ऐसी नैतिक व्यवस्था की स्थापना से था जिसमें प्रशासनिक हस्तक्षेप नागरिकों के दैनिक जीवन में कम से कम हो तथा नैतिक उत्तरदायित्व से पूर्ण नागरिक भी प्रशासन में सक्रिय भागीदारी निभा सके। प्रशासन एवं नागरिकों के बीच एक बेहतरीन विश्वास की स्थापना हो जिसमें नागरिकों की पूर्ण सहभागिता हो। वही सर्वोदय से तात्पर्य प्रशासन की सेवा वितरण में प्राथमिकता सुनिश्चित करने से था जहां शासन की व्यवस्थाओं का पहला लाभ समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अर्थात भारतीय संदर्भ सुशासन का लक्ष्य एक बेहतरीन दक्ष प्रशासनिक व्यवस्था के साथ-साथ समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़कर समानता के लक्ष्य प्राप्त करना है। भारतीय संविधान भी कमोबेश इसी तरह के आदर्श को रखते हुए प्रशासन के समक्ष न्याय, समता, स्वतंत्रता एवं बंधुता लक्ष्य को रखाता है।

लेकिन यदि शासन व्यवस्था तथा समाज के विभिन्न मानकों का अध्ययन किया जाए तो अभी भी हम सुशासन के लक्ष्य से बहुत दूर है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल कि भ्रष्टाचार से संबंधित रिपोर्ट, मानव विकास सूचकांक अथवा अंतर्राष्ट्रीय भूख सूचकांक में हमारी स्थिति बहुत ही दयनीय है। आजादी के बाद प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग 1968 एवं द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग 2005 को गठित करके सुशासन की दिशा में सरकारों द्वारा प्रयास किए गए। लेकिन इन आयोग की अधिकांश सिफारिश से भी अभी तक जमीन पर उतारती बाकी रह गई है। सूचना का अधिकार कानून 2005 पारदर्शिता एवं भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लाया गया लेकिन सरकारों की इच्छा शक्ति का अभाव एवं लोक सेवाओं की गोपनीय संस्कृति के आगे यह कानून सुशासन के लक्ष्यों की दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं कर सका। इसका तात्पर्य यही है कि सरकारों द्वारा जो सुशासन का दावा किया जाता है वह पूरी तरह भ्रामक अथवा स्वयं सरकारों द्वारा अपने ही द्वारा स्थापित मानकों के आधार पर किया जाने वाला आकलन है।भारत में सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इसकी स्थापना का दायित्व उन्हीं लोगों पर अर्थात लोक सेवाओं पर रख दिया जाता है जिनमें सुधार के बिना सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता एवं जो स्वयं अपनी विशिष्ट स्थिति को बनाए रखने के लिए अधिक प्रतिबद्ध दिखाई देती है। राजनीतिक प्रक्रियाओं का जिस प्रकार से अवमूल्यन हुआ है उसमें राजनीतिक वर्ग, प्रशासनिक सुधार के स्थान पर सत्ता को बनाए रखने अथवा उसे प्राप्त करने की दिशा में ही अधिक चिंतित दिखाई देते हैं। इसलिए सुशासन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि देश में राजनीतिक सुधारो को आगे बढ़ाया जाए। इसके लिए पहला कदम चुनाव सुधार को लागू करना आवश्यक है।

सुशासन को स्थापित करने के लिए हमें तीन घटको पर विशेष तौर पर ध्यान देने की आवश्यकता है। पहला शासन की ढांचागत व्यवस्था, दूसरा-शासन के भीतर लोकसेवाओं की क्षमता निर्माण, एवं तीसरा-नागरिकों एवं नागरिक समाज का सशक्तिकरण। शासन की ढांचागत व्यवस्था के लिए प्रशासन में ई-गवर्नेंस के आधुनिक तकनीक का प्रयोग करना आवश्यक है। वही कानून की जातिलताओं को हटाकर न्यायिक सुधार को भी सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। सूचना के अधिकार एवं सिटिजन चार्टर व्यवस्था को प्रभावी बनाए जाने की आवश्यकता है। लेकिन इस प्रकार के सुधारो का कोई महत्व नहीं रह जाएगा जब तक की इस व्यवस्था को चलाने वाली लोकसेवाओं की क्षमता निर्माण पर ध्यान नहीं दिया जाए।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# एक चर्चा : अटकलों के बारे में



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

अटकलें लगाने वाले दो और दो चार जैसी बात में भी तीन-पांच किया करते हैं। वैसे तो सामाजिक जनजीवन में अटकलों का बाजार सदैव गर्म रहा करता है। लेकिन जहां तक राजनीति की बात है, बात-बात पर जमकर अटकले लगाई जाती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के चलते अटकलों के गरमा-गरम बाजार में हकीकत पाताल लोक के तले विचरण करती दिखाई देती है। राजनीति में जब इधर वाला उधर वाले से या उधर वाला इधर वाले से मिल लिया करता है, अटकलों का बाजार एकाएक उफान पर आ जाया करता है। यह सिलसिला आम नागरिकों को राजनीति के प्रति अपडेट रखने में सहायक सिद्ध होता है। राजनीतिक घटनाओं का पूर्वानुमान भी एक प्रकार की अटकल ही तो होता है।


कभी-कभी तो स्थापित राजनीतिज्ञों के पलटी मारने या न मारने पर भी दांव खेलने वालों द्वारा दांव खेल लिया जाता है। यदि अटकलें न होती, महिलाओं के लिए तो चर्चा के विषय का ही अभाव हो जाता। अटकलों का बाजार रहस्य और रोमांच से भरपूर हुआ करता है। कुछ लोग 16 पंजे 82 के गणित के आधार पर अटकलें लगाया करते हैं। अटकल लगाने के लिए आदमी का कल्पनाशील होना अत्यंत आवश्यक है। अपने अनुमान को सुव्यवस्थित तरीके से परोसने वाला ही अटकलों के बाजार में अपनी अटकलों को स्थापित कर सकता है। वैसे मीडिया भी अटकल लगाने की दृष्टि से कोई कम नहीं है, कभी-कभी तो साधारण सर्दी जुकाम को भी असाध्य रोग निरूपित कर दिया जाता है।

यदि अटकले न होती, तो मनोरंजन के उपलब्ध साधन बहुत छोटे पड़ जाते। जब किसी की अटकलें सटीक बैठ जाती है, तब अटकलबाज की अटकलों पर विश्वास किया जाने लगता है। इसी विश्वास के सहारे भरपूर आत्मविश्वास के साथ प्रामाणिक अटकलबाज का उत्साहवर्धन होता है। ऐसे में उसके द्वारा प्रवाहित अटकलों का बाजार और अधिक गर्म हो जाता है। बिना मामले की तह तक जाएं, कूदकर किसी भी विषय पर किसी निष्कर्ष पर पहुंच जाना, आम आदमी के बस की बात नहीं होती। इसलिए दुनिया भर के तमाम अटकलबाजो को गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है। आज के दौर में जिसकी अटकलें सटीक बैठती है, उसे महाज्ञानी के रूप में लिया जा सकता है।

बैठे-ठाले सुरसुरी छोड़ना भी एक प्रकार की अटकल ही होती है। वैसे किसी भी शख्सियत के व्यक्तिगत जीवन के बारे में अटकलें लगाना, अच्छी बात नहीं होती। लेकिन एक सहज जिज्ञासा के चलते हर किसी को हर किसी के व्यक्तिगत जीवन की अटकलें बहुत भाती है। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि गुड़ तो खा लिया जाता है लेकिन गुलगुले से परहेज किया जाता है। दरअसल जिस किसी आदमी का आंतरिक और बाह्य स्वरूप अलग-अलग होता है, वह दूसरों के व्यक्तिगत जीवन में अपेक्षा से अधिक ताक-झांक किया करते हैं। लेकिन उन्हें पर्याप्त मात्रा में ऐसे श्रोता मिल जाया करते हैं जो उनकी बात को गंभीरता पूर्वक लिया करते हैं।

## 25 दिसम्बर: क्रिसमस पर विशेष

# हजरत ईसा की तालीम





वसीमा ख़ान
वरिष्ठ पत्रकार

दिसम्बर महीना ईसाई मज़हब के मानने वालों के लिए बहुत ही ख़ास है। ख़ुदा के प्यारे हज़रत ईसा मसीह का जन्मदिन इसी महीने में पड़ता है। अंग्रेज़ी कैलेंडर की तारीख़ 25 दिसम्बर को हज़रत ईसा मसीह ने हज़रत मरियम की गोद में आंखे खोली थीं। मुक्तिदाता प्रभु यीशु का जन्मदिन 25 दिसंबर को, सारी दुनिया की ईसाई बिरादरी क्रिसमस के रूप में पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाती है। क्रिसमस की पूर्व संध्या यानी 24 दिसम्बर से ही इससे जुड़े समारोह शुरू हो जाते हैं, जो कि बारह दिन तक चलते हैं। इस बारह दिवसीय उत्सव को क्रिसमसटाइड कहते हैं। क्रिसमस जिसे बड़ा दिन भी कहते हैं, उस दिन सभी गिरिजा—घरों पर विशेष प्रार्थना सभाएं की जाती हैं। इस दिन गिरिजा—घरों की रौनक देखते ही बनती है। घरों में क्रिसमिस ट्री लगाकर उसे रंग-बिरंगे बल्बों से सजाया जाता है। इस ट्री पर फल-फूल, चॉकलेट और ख़िलौने लटकाए जाते हैं। सामूहिक गान कैरॉल गाया जाता है। ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए क्रिसमिस की अहमियत अलग ही है। गिरिजा—घरों में लोग प्रभु यीशु से दुनिया भर में सुख-शांति के लिए प्रार्थना करते हैं और अपने ग़ुनाहों के लिए माफ़ी मांगते हैं।

जीसस क्राइस्ट के बारे में एक महत्वपूर्ण जानकारी ये मिलती है कि उन्होंने अपनी ज़िंदगी का एक बड़ा हिस्सा भारत में बिताया था। हजरत ईसा, प्राचीन व्यापारिक मार्ग सिल्क रूट से भारत आये थे। उन्होंने तिब्बत और कश्मीर के मोनेस्ट्री में काफ़ी समय बिताया और बौद्ध, भारतीय धर्म ग्रंथों एवं आध्यात्मिक विषयों का अध्ययन किया। अपनी भारत यात्रा के दौरान प्रभु यीशु ने उड़ीसा के जगन्नाथ मंदिर की भी यात्रा की और यहां रहकर उन्होंने अध्ययन किया था। इतिहासकार सादिक़ ने अपनी ऐतिहासिक कृति 'इक़माल-उद्-दीन' में ज़िक्र किया है कि प्रभु यीशु भारत में कई बार आए थे। अपनी पहली यात्रा में उन्होंने तांत्रिक साधना एवं योग का अभ्यास किया। योग और तांत्रिक शक्ति के दम पर सूली पर लटकाए जाने के बावजूद प्रभु यीशु ज़िंदा रह गए। बाईबल में भी इस बात का ज़िक्र मिलता है कि ईसा मसीह सूली पर लटकाए जाने के तीन दिन बाद अपने समर्थकों के बीच आए थे। इस दिन को ईस्टर के नाम से जाना जाता है।


ख़ुदा के प्यारे रसूल प्रभु यीशू ने पूरी दुनिया को प्यार, त्याग और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने समूची इंसानियत को मुक्ति की राह दिखलाई। ईसा मसीह ने अपने अनुयायियों को न्याय और प्रेम का निमंत्रण दिया। उन्होंने लोगों से कहा कि वे प्रायश्चित करें और अपने जीवन में ईश्वर की अभिभावकता को स्वीकार कर लें। इंसानियत से प्यार करना ही प्रभु ईसा मसीह का सबसे बड़ा संदेश था। उनका कहना था कि कैसे भी हालात हों, मगर सच्चाई का दामन मत छोड़ो। उन्होंने जीवन भर जिस संदेश को लोगों तक पहुंचाना चाहा, वह संदेश था, ''लोगों को माफ़ करने का।'' अपनी मृत्यु के समय भी ईसा मसीह ने भगवान से प्रार्थना की, ''हे ईश्वर, इन्हें (मेरे हत्यारों को) माफ़ करना क्योंकि यह नहीं जानते कि यह क्या कर रहे हैं ?'' हजरत ईसा मसीह की तालीमों पर अगर ग़ौर करें, तो दो बातें उनमें सबसे अहम हैं। पहली, प्रभु ईसा मसीह की शिक्षाएं किसी एक देश या धर्म के लिए नहीं हैं, वे सबके लिए हैं। सारी दुनिया और पीड़ित मानवता के लिए हैं। दूसरी, उनकी शिक्षाएं आज से सदियों साल पहले जितनी प्रासंगिक थीं, वे आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। ज़रूरत उन शिक्षाओं को सही तरह से समझने और उन पर ईमानदारी से अनुसरण करने की है।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
राजस्थान के सभी परिवारजनों की स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना, मेरी शीर्ष प्राथमिकता है!



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
जीवन विचार से कहीं अधिक बड़ी घटना है। दुर्भाग्य से, मनुष्य अपने ही विचारों में बहुत अधिक उलझ गया है।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
गलतियाँ होती हैं! यदि हम उन्हें स्वीकार करने में ईमानदार हैं और उन्हें सुधारने की दिशा में काम करते हैं, तो गलतियाँ हमें उस अनुभव से पुरस्कृत कर सकती हैं जो कोई किताबें नहीं सिखा सकतीं।

**लोकसभा चुनाव: आंध्र प्रदेश में** वाईएसआर कांग्रेस व तेलुगु देशम पार्टी दोनों ही भगवा खेमे से जोड़ना चाहती हैं तार

# किसी पार्टी का हाथ थामे या एकला चलो को लेकर पसोपेश में BJP

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पिछले लोकसभा चुनाव में आंध्र प्रदेश में एक प्रतिशत से भी कम वोट पाने वाली भाजपा 2024 के आम चुनाव से पहले राज्य में खुद को काफी अच्छी स्थिति में पा रही है क्योंकि राज्य के दोनों मुख्य क्षेत्रीय दल भाजपा को अपने पक्ष में रखने के लिए एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

ऐसे में भाजपा राज्य में गठबंधन करने या न करने को लेकर पसोपेश में है। भाजपा सूत्रों ने कहा कि पार्टी की दुविधा यह है कि अगर वाईएसआर कांग्रेस चुनाव जीतती है तो तेदेपा के साथ गठबंधन प्रतिकूल साबित हो सकता है।

आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते हैं। दोनों क्षेत्रीय दलों के सूत्रों ने कहा कि एन. चंद्रबाबू नायडू की अगुवाई वाली तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) जहां भाजपा के साथ गठबंधन चाहती है, वहीं राज्य की सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस चाहती है कि भाजपा 2019 के चुनाव की तरह आगामी आम





चुनाव में भी अकेले उतरे। आंध्र प्रदेश में मुसलमानों और ईसाइयों के अल्पसंख्यक वोटों को वाईएसआर कांग्रेस के ठोस आधार के रूप में देखे जाने के कारण, इसके नेताओं का मानना है कि भाजपा के साथ चुनावी गठबंधन उनकी पार्टी के लिए उपयुक्त नहीं होगा। हालांकि, उन्होंने अपने निर्विवाद समर्थन को रेखांकित करने के लिए संसद में नरेन्द्र मोदी सरकार के एजेंडे का समर्थन किया है। वाईएसआर कांग्रेस के एक नेता ने कहा, भाजपा के अपने चुनावी सहयोगियों के साथ मतभेद रहे हैं, लेकिन हमारे साथ कभी नहीं। हमारे नेता के भाजपा नेतृत्व के साथ मधुर संबंध हैं और सत्ता में कोई हिस्सेदारी मांगे बिना पूरे दिल से उनका समर्थन किया है।

### जन सेना के साथ से तेदेपा को मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद

अभिनेता पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के साथ गठबंधन के बाद तेदेपा को वाईएसआर कांग्रेस के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है। तेदेपा ने वाईएसआर कांग्रेस पर उसे कमजोर करने के लिए भ्रष्टाचार के मामले में नायडू की गिरफ्तारी सहित अन्य तरीकों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। तेदेपा ने आंध्र प्रदेश के लिए विशेष दर्जा की मांग को लेकर 2018 में भाजपा से अपना नाता तोड़ लिया था, जहां वह सत्ता में थी। 2019 में सत्ता खोने के बाद से तेदेपा फिर से अपने पूर्व सहयोगी के करीब आने की कोशिश कर रही है।

### भाजपा का एक वर्ग तेदेपा के साथ गठबंधन के पक्ष में

दूसरी तरफ, भाजपा अपने विकल्पों पर विचार कर रही है। भाजपा के राज्य स्तरीय नेताओं का एक वर्ग पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली तेदेपा के साथ गठबंधन के लिए उत्सुक है क्योंकि उनका मानना है कि यही एकमात्र तरीका है जिससे वे कुछ सीट जीतने और अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरने की उम्मीद कर सकते हैं। वहीं, तेदेपा नेताओं का मानना है कि भाजपा के साथ गठबंधन फायदेमंद साबित हो सकता है क्योंकि राष्ट्रीय पार्टी को केंद्र में सत्ता बरकरार रखने के लिए पसंदीदा माना जा रहा है।

### प्रधानमंत्री मोदी का अयोध्या में रोड शो 30 दिसंबर को



**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या में रोड शो करने के साथ ही एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री का रोड शो करीब 15 किलोमीटर लंबा होगा। अयोध्या के जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने रविवार बताया, प्रधानमंत्री पहले अयोध्या हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह रोड शो करते हुए सड़क मार्ग से अयोध्या रेलवे स्टेशन जाएंगे, जहां वह वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। बाद में वह सड़क मार्ग से हवाई अड्डे लौटेंगे जहां वह एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया, रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री मोदी जिस रास्ते से गुजरेंगे, वहां 51 जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, 100 से ज्यादा जगहों पर उनपर गुलाब और गेंदे की पंखुड़ियां बरसाई जाएंगी।

### पूर्ववर्ती बीआरएस सरकार को बदनाम करने की कोशिश



**हैदराबाद।** तेलंगाना में कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य की आर्थिक स्थिति पर जारी श्वेत पत्र त्रुटियों और झूठ से भरा होने का आरोप लगाते हुए विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति ने रविवार को कहा कि उसके शासनकाल के दौरान लिया गया सकल ऋण केवल 3,17,015 करोड़ रुपए था, न कि सरकार द्वारा बताया गया 6,71,757 करोड़ रुपए। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव ने आरोप लगाया कि श्वेत पत्र आंकड़ों की बाजीगरी है और इसमें पिछली बीआरएस सरकार के खिलाफ निराधार आरोप शामिल हैं।

**दीक्षांत समारोह:** राहुल गांधी पर अप्रत्यक्ष रूप से कसा तंज

# राष्ट्र-विरोधी विमर्श को खत्म करने की जरूरत: धनखड़

**एजेंसी** | नोएडा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि संस्थानों और उच्च संवैधानिक पदों को बदनाम करने के लिए फैलाए जाने वाले राष्ट्र-विरोधी विमर्श को खत्म करने के लिए माहौल तैयार करने की जरूरत है। ग्रेटर नोएडा में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में धनखड़ ने इस बात दुख जताया, हमारे एक सांसद ने हार्वर्ड जाकर कहा कि भारत का लोकतंत्र खतरे में है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां सत्ता का हस्तांतरण चुनाव के जरिए होता है और वहां कभी कोई समस्या नहीं आई। धनखड़ ने कहा कि मशीन में वोट डालने के बाद नतीजे की घोषणा निर्वाचन आयोग करता है तब निर्णय की सार्वभौमिक स्वीकृति होती है लेकिन फिर वे हार्वर्ड जाते हैं और यह कहते हैं।

धनखड़ ने कहा, मैं आपको को बता दूं कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां ग्राम स्तर पर, पंचायत स्तर पर, जिला स्तर पर, राज्य स्तर पर और केंद्रीय स्तर पर संवैधानिक रूप से




लोकतंत्र का ढांचा है। उपराष्ट्रपति ने अतीत के भारत और वर्तमान के भारत की तुलना करते हुए कहा, आज का भारत किसी के कब्जे में नहीं है।

विदेशी मामलों में भारत की अपनी सोच है। हमारी आवाज सुनी जा रही है। हमारे पासपोर्ट के पास वह सम्मान है जिसकी हमने कभी कल्पना नहीं की थी। हम सख्त कदम उठाने की स्थिति में हैं। उपराष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसने अपने क्षेत्र का विस्तार करने की कोशिश नहीं की है बल्कि आक्रमणों को झेला है।

धनखड़ ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री ने दुनिया को संदेश दिया है कि यह विस्तार का युग नहीं है, युद्ध का युग नहीं है। मुद्दों को कूटनीति और बातचीत से तय किया जाना चाहिए।

### भारत के विकास को कमजोर करना चाहते हैं कुछ लोग

उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुट्ठी भर लोग भारत के विकास और लोकाचार को कमजोर करना चाहते हैं और युवाओं को ऐसे मुद्दों पर चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा, खामोशी आपके कानों में हमेशा गूंजती रहेगी। इसलिए, अपने दिमाग का उपयोग करें, अपने विवेक का उपयोग करें, इसके बारे में निर्णय लें और फिर सही कदम उठाएं। धनखड़ ने कहा, हमें भारतीयता पर अटूट विश्वास है। हम हमेशा देश के हित को हर चीज से ऊपर रखेंगे। हम भारत के गौरवान्वित नागरिक हैं।

### सीएम योगी की प्रशंसा

धनखड़ ने निवेश, कानून और व्यवस्था के मामले में उत्तर प्रदेश में हो रहे आमूल चूल बदलाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आदित्यनाथ ने जिस तरह से विकास और औद्योगिक प्रगति के प्रति कार्य किया है उससे उत्तर प्रदेश 'आदर्शों का आदर्श' बनने की स्थिति में पहुंचा गया है। धनखड़ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने निवेश प्राप्त करने में भी अपनी पहचान बनाई है। उपराष्ट्रपति बनने से पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए धनखड़ ने कहा कि वह उस राज्य में तीन दर्जन विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति थे।

**MP में मंत्रिमंडल का** विस्तार आज

# लोस चुनाव के लिए साधे जाएंगे जातीय व क्षेत्रीय समीकरण



**एजेंसी** | नई दिल्ली/भोपाल

मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार सोमवार दोपहर में होगा। शनिवार और रविवार को सीएम यादव ने राजधानी दिल्ली में भाजपा हाई कमान के साथ मिल मंत्रियों के नामों पर चर्चा की। मुलाकात के बाद मंत्रिमंडल के नाम पर अंतिम मुहर लग गई है। सूत्रों के अनुसार करीब 20 मंत्री शपथ ले सकते हैं। इसमें नए चेहरे के साथ ही कुछ पूर्व मंत्रियों को मौका दिए जाने के आसार है। सीएम यादव ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सोमवार सुबह मुलाकात का समय मांगा है। वे राज्यपाल से भेंट कर संभावित मंत्रियों की सूची सौंप सकते हैं। इस विस्तार में लोकसभा चुनाव को दृष्टि में रखते हुए जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों के हिसाब से मंत्री बनाए जा सकते हैं। शीर्ष नेतृत्व से हरी झंडी मिलने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पार्टी स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। बता दें सीएम का एक सप्ताह में यह तीसरा दौरा है। रविवार को उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात कर मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा की।

### राष्ट्रपति व बिरला से भेंट

सीएम यादव ने राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। इसके अलावा उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निवास पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की।

**जम्मू-कश्मीर में** सीटों का बंटवारा

# हमारी पार्टी 'इंडिया' के फैसले का पूर्ण रूप से करेगी पालन: फारूक

**एजेंसी** | जम्मू

नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए जम्मू कश्मीर में सीट बंटवारे पर 'इंडिया' गठबंधन के फैसले का पालन करेगी। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने सवाल किया कि सरकार स्थानीय निकाय चुनाव क्यों नहीं करा रही है, जब वह दावा कर रही है कि केंद्रशासित प्रदेश में शांति बहाल हो गई है।उन्होंने यहां एक पुस्तक विमोचन समारोह से इतर एक



सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, हम 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा हैं और इसके फैसले का पालन करेंगे।

नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी जम्मू कश्मीर के उन क्षेत्रीय दलों में से हैं जो विपक्षी गुट का हिस्सा हैं। अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू कश्मीर के लोगों को उनका संदेश चुनाव के लिए तैयार रहने का है। उन्होंने कहा, हम इस साल पंचायत, डीडीसी और यहां तक कि नगर निकाय चुनावों के लिए तैयार थे। नोटिस जारी किया गया था लेकिन पांच दिन के भीतर वापस ले लिया गया। कोई नहीं जानता कि क्या हुआ और चुनाव में जानबूझकर देरी की गई। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ऐसे उद्योग स्थापित करने का समर्थन करती है जिससे लोगों को फायदा हो, नौकरियां पैदा हों और जो पर्यावरण के अनुकूल हों।

### मुफ्त राशन बांट BJP ने गरीबों का मजाक उड़ाया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भाजपा पर मुफ्त राशन बांटकर गरीबों का मजाक उड़ाने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि भाजपा सरकार का काम जनता को धोखा देना है। यादव ने यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में कन्नौज के प्रबुद्ध समाज तथा महा ब्राह्मण समाज पंचायत के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए आरोप लगाया, भाजपा सरकार का काम जनता को धोखा देना है। वह लोगों को गुमराह करने में माहिर है। भाजपा ने गरीबों के सम्मान को चोट पहुंचाई है। भाजपा राज में किसान परेशान हैं।

**पीएम स्वनिधि योजना के** लाभार्थियों को किया संबोधित

# पीएम का लक्ष्य 140 करोड़ लोगों को आत्मनिर्भर बनाना: अमित शाह

**एजेंसी** | अहमदाबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में गरीबों सहित 140 करोड़ लोगों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं और उन्होंने इसके लिए समर्पण के साथ काम किया है। शाह यहां 'पीएम स्वनिधि' योजना के लाभार्थियों की एक सभा को संबोधित कर रहे थे। यह योजना रेहड़ी-पटरी वालों को आसान ऋण दिलाने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं तथा



साथ ही उनका लक्ष्य गरीब लोगों को भी आत्मनिर्भर बनाना है। मोदी सरकार में गरीब लोगों को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया है और वह देश को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, रक्षा, सभी प्रकार के व्यवसायों तथा अन्य क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं।

**दयानिधि मारन की टिप्पणी को लेकर घमासान**

# भाजपा ने किया सियासी प्रहार, तेजस्वी यादव ने भी दी द्रमुक को नसीहत

**एजेंसी** | चेन्नई/पटना/ नई दिल्ली

द्रमुक के लोकसभा सदस्य दयानिधि मारन द्वारा उत्तर प्रदेश और बिहार के श्रमिकों पर महीनों पहले की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी का एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित होने के बाद भाजपा और तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। मारन ने कथित तौर पर कहा था कि हिंदी पट्टी के लोग तमिलनाडु में सड़क, शौचालय साफ कर रहे हैं और अन्य छोटे-मोटे काम कर रहे हैं। बिहार



### यह था विवादित बयान

हिंदी पट्टी के लोग तमिलनाडु में सड़क, शौचालय साफ कर रहे हैं और अन्य छोटे-मोटे काम कर रहे हैं

के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने उनके बयान की आलोचना की। बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन के सबसे बड़े घटक राष्ट्रीय जनता दल और तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा हैं। भाजपा ने विपक्षी गठबंधन के घटक दलों की 'चुप्पी' पर सवाल उठाया है।

### इस तरह की टिप्पणी से बचें द्रमुक नेता: तेजस्वी यादव



यादव ने कहा कि राजद की तरह ही तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक भी ऐसी पार्टी है जो सामाजिक न्याय में विश्वास करती है और ऐसी पार्टी के नेता के लिए इस तरह की टिप्पणी करना अशोभनीय है। । इसके नेताओं को ऐसी बातें कहने से बचना चाहिए जो इस आदर्श के विपरीत हों। यादव ने कहा, बिहार और उत्तर प्रदेश की पूरी आबादी के बारे में अपमानजनक बातें करना निंदनीय है। हम इसकी निंदा करते हैं। हमारा मानना है कि लोगों को देश के अन्य हिस्सों से आने वालों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए।

### यूपी-बिहार के लोगों का अपमान बंद करें द्रमुक नेता: भाजपा



भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा, उन्हें (बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों का) इस तरह अपमान बंद करना चाहिए। प्रसाद ने आरोप लगाया, बिहार में उनके (द्रमुक) सहयोगी नीतीश कुमार द्वारा पैदा की गई स्थितियों के कारण बिहार से मजदूर काम के लिए तमिलनाडु जाते हैं। लेकिन अगर कोई मेहनत-मजदूरी करेगा तो क्या आप उसका इस तरह अपमान करेंगे?' भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने मारन के बयान को पूरी तरह आपत्तिजनक करार दिया।

### झूठ फैला रहे हैं भाजपा पदाधिकारी: द्रमुक

द्रमुक के प्रवक्ता जे. कॉन्स्टैंडिन रवींद्रन ने भाजपा पदाधिकारियों की निंदा करते हुए कहा कि वे जानबूझकर झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, द्रमुक एक समतावादी समाज के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। तमिलनाडु जैसा कोई खास राज्य श्रेष्ठ नहीं है। उत्तर प्रदेश या बिहार जैसा कोई अन्य राज्य कमतर नहीं है। भाजपा के लोगों की दुर्भावना स्पष्ट है क्योंकि वे कुछ ऐसा दावा कर रहे हैं जो दयानिधि मारन ने कभी नहीं कहा या इसका मतलब यह नहीं था। उन्होंने कहा कि व्यक्ति वह मातृभाषा के अलावा अंग्रेजी भाषा भी अच्छी तरह से सीखता है।

### यह कहा था मारन ने

मारन ने इस सुंदर पिचाई का उदाहरण देते हुए कहा कि वह अब गूगल के प्रमुख हैं और अगर उन्होंने हिंदी सीखी होती, तो वह विनिर्माण क्षेत्र में श्रमिक के रूप में काम कर रहे होते। वीडियो में वह यह कहते सुनाई देते हैं कि चूंकि तमिलनाडु के बच्चे शिक्षित होते हैं तथा अच्छी अंग्रेजी सीखते हैं, इसलिए उन्हें आईटी क्षेत्र में रोजगार और अच्छा वेतन मिलता है।

## जरूरी खबर

### ओडिशा: IED विस्फोट में SOG के दो जवान घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कंधमाल जिले के एक जंगल में रविवार को तलाशी अभियान के दौरान एक संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में धमाका होने से, उसकी चपेट में आकर ओडिशा पुलिस के विशेष अभियान समूह के दो जवान घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि आईईडी माओवादियों द्वारा लगाया गया था और एसओजी जवानों के गलती से छूने के बाद इसमें विस्फोट हो गया। कंधमाल के पुलिस अधीक्षक सुवेंदु कुमार पात्रा ने फोन पर बताया, एक जवान की आंख में चोट लगी है, जिसे बालीकुड अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद भुवनेश्वर स्थित एम्स में स्थानांतरित किया जा रहा है।एक अन्य जवान के हाथ में चोट आई है।

### फ्रांस में रोका गया विमान आज भर सकता है उड़ान

**नई दिल्ली।** फ्रांसीसी अधिकारियों ने मानव तस्करी के संदेह में पेरिस के पास एक हवाई अड्डे पर तीन दिन से रोका गया विमान सोमवार को उड़ान भर सकेगा। विमान में 303 यात्री सवार हैं जिनमें अधिकतर भारतीय हैं। फ्रांसीसी समाचार प्रसारण टेलीविजन और रेडियो नेटवर्क 'बीएफएम टीवी' ने बताया कि विमान को जाने की अनुमति देने के बाद फ्रांसीसी न्यायाधीशों ने प्रक्रिया में अनियमितताओं के कारण 300 से अधिक यात्रियों को रोके जाने के मामले की सुनवाई रोक दी। फ्रांसीसी अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए गए 303 यात्रियों से चार फ्रांसीसी न्यायाधीशों ने रविवार को पूछताछ शुरू की।

### एलओसी के पास ड्रोन से गिराए गए विस्फोटक जब्त



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास रविवार को सेना और पुलिस के एक संयुक्त अभियान के दौरान ड्रोन से गिराए गए बैटरी चलित छह आईईडी , एक पिस्तौल और कुछ नकदी के दो पैकेट जब्त किए गए हैं। एक अधिकारियों ने बताया कि समय पर पैकेट की बरामदगी से भारत में आतंकियों के बड़े हमले की साजिश को विफल कर दिया गया है। माना जा रहा है कि ये पैकेट पाकिस्तान द्वारा गिराए गए थे। सेना और पुलिस ने तुरंत अभियान चलाया और बम निरोधक दस्ते की मदद से पैकेट खोले गए, जिसमें से आईईडी, नौ एमएम की इटली निर्मित एक पिस्तौल, तीन मैगजीन आदि बरामद किए गए।

## एक लाख से अधिक लोगों ने एक साथ किया गीता का पाठ





**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में रविवार को अलग-अलग पृष्ठभूमि के करीब एक लाख लोगों ने सामूहिक रूप से श्रीमद्भगवद गीता का पाठ किया। भाजपा ने जहां हिंदू एकता का आह्वान किया। वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने इस कार्यक्रम का कथित राजनीतिकरण करने पर उसकी अलोचना की। इस कार्यक्रम में बंगाल की भाजपा इकाई और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई बड़े नेताओं ने भाग लिया। आयोजकों ने दावा किया कि कार्यक्रम के लिए लगभग 1,20,000 लोगों ने पंजीकरण कराया था। फोटो में कार्यक्रम में उपस्थित लोग और शारदापीठ, द्वारका के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती।

### संजय सिंह के निर्वाचन के बाद खेल मंत्रालय की कार्रवाई

# कुश्ती महासंघ निलंबित, IOA से तदर्थ समिति के गठन का आग्रह

एजेंसी | नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने रविवार को भारतीय कुश्ती महासंघ को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया क्योंकि नवनिर्वाचित संस्था ने उचित प्रकिया का पालन नहीं किया और पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की जल्दबाजी में घोषणा की थी।

खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ से महासंघ का कामकाज देखने के लिए तदर्थ समिति गठित करने का अनुरोध किया। मंत्रालय ने कहा कि नई संस्था पूरी तरह से पूर्व पदाधिकारियों के नियंत्रण में काम कर रही थी जो राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुरूप नहीं है। महासंघ अगले आदेश तक निलंबित रहेगा।



### कुश्ती से अब लेना-देना नहीं: बृजभूषण

इस बीच, बृजभूषण शरण सिंह ने रविवार को यहां कहा कि उनका अब इस खेल से कोई लेना-देना नहीं है क्योंकि उनके पास कई अन्य जिम्मेदारियां हैं जिनमें अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव भी शामिल हैं। बृजभूषण ने भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने के बाद यह टिप्पणी की। बृजभूषण ने पीटीआई से कहा, भारत में कुश्ती के संबंध में जो कुछ भी करना है वह निर्वाचित संस्था करेगी। मैं अब इस खेल की राजनीति से दूर रहूंगा। बृजभूषण उत्तर प्रदेश के कैसरगंज से भाजपा के मौजूदा सांसद हैं।

### संजय सिंह के निर्वाचन का हुआ था विरोध



विनेश फोगाट और साक्षी मलिक के साथ बृजभूषण के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व करने वाले शीर्ष पहलवान बजरंग पूनिया ने पूर्व अध्यक्ष के विश्वासपात्र संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के विरोध में शुक्रवार को अपना पद्मश्री पुरस्कार सरकार को लौटा दिया था। इससे एक दिन पहले साक्षी ने कुश्ती को अलविदा कह दिया था।

### खेल मंत्रालय ने बताई निलंबन की वजह

- निर्वाचन में उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया
- अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की जल्दबाजी में घोषणा

### बहुत बढ़िया फैसला: महावीर

महिला पहलवान गीता और बबीता के पिता फोगाट ने कहा, खेल मंत्रालय का यह फैसला बहुत बढ़िया है। इससे खिलाडि़यों का हौसला बढ़ेगा। चुनाव से पहले ही दिख रहा था कि ये होगा और हुआ भी वही, लेकिन अब सरकार ने जो फैसला लिया है, वो बिल्कुल ठीक है।

### कोविड के नए वैरियंट जेएन.1 से बढ़ी चिंता

# डब्ल्यूएचओ ने दिया निगरानी बढ़ाने और टीकाकरण पर जोर

एजेंसी | नई दिल्ली

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों से कोविड -19 और इसके नए वैरियंट जेएन.1 तथा इन्फ्लूएंजा सहित श्वसन रोगों के बढ़ते मामलों को देखते हुए निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने का आग्रह किया है। डब्ल्यूएचओ ने लोगों से भी ऐहतियाती कदम उठाने की अपील की है। डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. पूनम खेत्रपाल सिंह ने कहा, कोविड-19 वायरस विश्व स्तर पर सभी देशों में फैलता, परिवर्तित और प्रसारित होता रहता है। वर्तमान साक्ष्य से पता चलता है कि जेएन.1 द्वारा उत्पन्न अतिरिक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम कम है। इसके विकास के अनुसार हमें अपनी प्रतिक्रिया तय करनी चाहिए और लगातार नजर रखनी चाहिए। इसके लिए देशों को निगरानी और अनुक्रमण को मजबूत करना होगा और आंकड़ों को साझा करना सुनिश्चित करना होगा। क्षेत्रीय निदेशक ने विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले लोगों के लिए कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के खिलाफ टीकाकरण के महत्व पर भी जोर दिया

### निगरानी वाले वैरियंट की श्रेणी में जेएन.1

डब्ल्यूएचओ ने जेएन.1 को इसके तेजी से वैश्विक प्रसार के बाद इसे निगरानी में रखे जाने वाले स्वरूप के रूप में वर्गीकृत किया है। हाल के सप्ताहों में, जेएन.1 के मामले कई देशों में सामने आए हैं और इसका प्रसार विश्व स्तर पर तेजी से बढ़ रहा है। सीमित उपलब्ध साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए जेएन.1 द्वारा उत्पन्न अतिरिक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम को वर्तमान में वैश्विक स्तर पर कम आंका गया है।

### जम्मू-कश्मीर में फिर हुआ आतंकवादी हमला

# अजान पढ़ते समय पूर्व SSP मीर की हत्या

एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार को आतंकवादियों ने 72 वर्षीय सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी मोहम्मद शफी मीर की गोली मारकर हत्या कर दी। मीर को उस समय गोली मारी गई जब वह अजान पढ़ रहे थे। मीर के रिश्तेदार मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि भोर से पहले की नमाज के लिए लाउडस्पीकर से अजान दी जा रही थी, तभी वह अचानक बंद हो गई। पुलिस ने कहा कि मीर 2012 में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। कश्मीर जोन पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा,आतंकवादियों ने गेंटमुल्ला, शीरी बारामूला में एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी मीर पर मस्जिद में अजान पढ़ते समय गोलियां चलाईं जिससे उनकी मौत हो गई। उनके परिवार के सदस्यों ने कहा कि मीर स्थानीय मुअज्जिन बन गए थे और वह मस्जिद में अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित थे।



### पुंछ में 3 लोगों की मौत की जांच के आदेश

नई दिल्ली। सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में तीन नागरिकों की मौत की गहन आंतरिक जांच के आदेश दिए हैं। ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं कि इन तीन लोगों की सेना की हिरासत में मौत हुई है। पुंछ में 21 दिसंबर को अज्ञात आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में सेना के चार जवानों की हत्या के मद्देनजर सेना ने कथित तौर पर तीन नागरिकों को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया था।

## शहीदों को नमन



**पुंछ।** जम्मू कश्मीर के पुंछ-राजौरी इलाके में गत दिनों आतंकवादियों के हमले में शहीद हुए सैनिकों को रविवार को पुंछ में श्रद्धांजलि अर्पित करते सैनिक।

### प्रधानमंत्री मोदी का जम्मू-कश्मीर के स्टूडेंट्स से संवाद

# विकसित भारत के सपने को साकार करें युवा: मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के लगभग हर जिले के करीब 250 वंचित छात्र-छात्राओं से बातचीत की, जो 'वतन को जानो-यूथ एक्सचेंज' कार्यक्रम के तहत देश का दौरा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के आवास पर आयोजित यह संवाद कार्यक्रम अनौपचारिक था। ये छात्र केंद्र सरकार के कार्यक्रम के तहत जयपुर, अजमेर और नई दिल्ली का दौरा कर रहे हैं।

'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना में इस यात्रा का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर के युवाओं को देश की सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता से रूबरू कराना है। प्रधानमंत्री ने छात्रों से उनके यात्रा अनुभव और उनके द्वारा देखे गए चर्चित स्थानों के बारे में पूछा तथा उनके साथ जम्मू-कश्मीर की समृद्ध खेल संस्कृति पर चर्चा की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री ने छात्रों से खेलों में उनकी भागीदारी के बारे में जानना चाहा और जम्मू-कश्मीर की युवा तीरंदाज शीतल देवी का उदाहरण दिया, जिन्होंने हांगझू में एशियाई पैरा खेलों में तीन पदक जीते थे। मोदी ने जम्मू-कश्मीर के युवाओं की प्रतिभा की भी सराहना की और कहा कि उनमें किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने की क्षमता है। उन्होंने छात्रों को देश के विकास के लिए काम करने और योगदान देने तथा 2047 तक 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने में मदद करने की सलाह दी।



### कनेक्टिविटी में होगा सुधार

जम्मू-कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल के निर्माण के बारे में मोदी ने कहा कि इससे क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार होगा। चंद्रयान-3 और आदित्य-एल1 मिशन की सफलता पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन वैज्ञानिक उपलब्धियों ने हर भारतीय को गौरवान्वित किया है।

इस साल जम्मू-कश्मीर में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों के आने के बारे में मोदी ने कहा कि वहां पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।प्रधानमंत्री ने छात्रों को रोजाना योग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### विदेश मंत्री की रूस यात्रा आज से

# दोनों देशों के बीच इस साल भी नहीं होगी शिखर बैठक

एजेंसी | नई दिल्ली



विदेश मंत्री एस जयशंकर विभिन्न द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के उद्देश्य से सोमवार से रूस की पांच दिवसीय यात्रा करेंगे। जयशंकर की यात्रा ऐसे वक्त में हो रही है जब यह स्पष्ट हो गया है कि वार्षिक भारत-रूस नेता शिखर वार्ता इस साल भी नहीं होगी। भारत के प्रधानमंत्री और रूस के राष्ट्रपति के बीच शिखर वार्ता रणनीतिक भागीदारी में उच्च स्तर का संवाद कार्यक्रम है। अभी तक भारत और रूस में बारी-बारी से 21 वार्षिक शिखर वार्ता हुई हैं। आखिरी शिखर वार्ता दिसंबर 2021 में नई दिल्ली में हुई थी। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि जयशंकर मास्को के साथ ही सेंट पीटर्सबर्ग जाएंगे। जयशंकर रूस के उप प्रधानमंत्री तथा उद्योग व व्यापार मंत्री डेनिस मांतुरोव से मुलाकात करेंगे और आर्थिक भागीदारी से जुड़े मामलों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा वह रूस के अपने समकक्ष सर्गेइ लावरोव से द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे।

## जेजेएस नेटवर्किंग इवनिंग में एमरल्ड को बढ़ाने वालों का किया सम्मान

# बॉलीवुड के तड़के से निखर उठी जयपुर जूलरी की आभा

बेधड़क | जयपुर

जयपुर की जूलरी और रत्नों को फिर बॉलीवुड का तड़का लगा और उनकी आभा और निखर उठी। क्योंकि एक्ट्रेस पूजा बत्रा जयपुर जूलरी शो के 21वें सीजन की एक शाम का हिस्सा रही।

ऐसे में जूलर्स के साथ जूलरी लवर्स और स्वयं एक्ट्रेस भी रोमांचित दिखी। 'एमरल्ड... योर स्टोन योर स्टोरी' थीम के अनुरूप 'एमरल्ड' पर विशेष फोकस के साथ हो रहे शो रविवार को रत्न व आभूषण के प्रदर्शकों और विक्रेताओं के लिए मेहनत वाला रहा। जेजेएस चेयरमैन विमल चंद सुराणा के अनुसार छुट्टी का दिन और क्रिसमस फेस्टिवल की पूर्व संध्या की वजह से 20 हजार विजिटर्स जेजेएस के गवाह बने। दूसरी ओर शो में पिंक क्लब विशेष आकर्षण रहा।



### एमरल्ड प्रमोशन ग्रुप का किया सम्मान



जेजेएस के मानद सचिव राजीव जैन ने बताया कि नेटवर्किंग इवनिंग में जेजेएस की इस वर्ष की एमरल्ड प्रमोशन ग्रुप की ब्रांड एंबेसडर और अभिनेत्री पूजा बत्रा और जेम फील्ड्स के इंडिया हैड गोपाल कुमार उपस्थित रहे। इस दौरान एग्जीबिटर्स को टॉप रीटेलर्स व जेजेएस के बायर्स के साथ नेटवर्किंग करने का अवसर मिला। दूसरी ओर म्यूजिकल बैंड की लाइव परफॉर्मेंस सबको भा गई। एमरल्ड प्रमोशन सपोर्ट ग्रुप के सभी 15 सदस्यों को सम्मानित किया गया। ग्रुप में जेम फील्ड्स (इंडिया) प्रा. लि. से गोपाल कुमार, अचल ज्वेल्स प्रा. लिमिटेड से अरुण कोठारी, बिरधीचंद घनश्याम दास से यश अग्रवाल, गीता श्याम जूलर्स प्रा. लि. से प्रवीण अग्रवाल, घाटीवाला जूलर्स से विन्नी घाटीवाला, एचएमवी जेम्स से विष्णु अवतार मेथी, केके जेम्स ट्रेडिंग कंपनी से अनिल मित्तल, पारस गोतम एंड कंपनी से अमित, राजेंदर जेम्स से राजेंद्र लश्करी, शिव नारायण ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड से तुषार अग्रवाल, सुमंगल एमरल्ड्स से देवेश सोंखिया, सुनील जेम्स एंड जूलरी प्राइवेट लिमिटेड से सुनील अग्रवाल, सूपर जेम्स एंड ज्वेल्स से कमल कोठारी, ताम्बी जयपुर से रत्नेश ताम्बी और वैलेंटाइन जूलरी (आई) प्रा. लिमिटेड के लक्ष्मण दास सोंखिया व बहादुर सिंह चौधरी शामिल हैं।

### बेस्ट बूथ के लिए सम्मानित

जेजेएस प्रवक्ता अजय काला ने बताया कि इस अवसर पर जेजेएस की ब्रांड एंबेसडर पूजा बत्रा ने विभिन्न श्रेणियों में बेस्ट बूथ के लिए विजेताओं को पुरस्कार दिए। विजेताओं में 9 वर्ग मीटर के जैम स्टोन्स व बूथ श्रेणी में 'एम बी एक्सपोर्ट्स' को प्रथम तो 'जयपुर जौहरी' को रनरअप घोषित किया गया। 9 वर्ग मीटर से अधिक की श्रेणी में बेस्ट जैम स्टोन्स बूथ का अवॉर्ड 'कट एंड कैब्स' को दिया गया, जबकि 'पी डी एंड कम्पनी' रनरअप रही। इसी प्रकार जूलरी सेक्शन में 18 वर्गमीटर तक के बेस्ट बूथ का अवॉर्ड 'ज्वैल सागा' को मिला तो 'नाइन जूलरी' रनरअप रहा।

## अल्का को शोध कार्य के लिए राज्यपाल ने किया सम्मानित




**बेधड़क. जयपुर।** गंगापुर सिटी निवासी अल्का रानी शर्मा पुत्री मनमोहन शर्मा को मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय उदयपुर से किशोर न्याय अधिनियम-2015 के तहत विधि विरुद्ध बच्चों के सामाजिक मूल्यांकन का अध्ययन विषय पर शोध कार्य करने के लिए राज्यपाल द्वारा डॉक्टर ऑफ फिलोस्पी की उपाधि से सम्मानित किया। अल्का ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ दादा स्वर्गीय रामजीलाल बागोरिया व परिजनों को दिया। उन्होंने प्रोफेसर डॉ. राजकुमारी अहीर व समस्त शुभेच्छुओं का धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी वे इस विषय पर कार्य करते हुए शहर में किशोरों के बौद्धिक स्तर सुधार के लिए प्रयास करेंगी। इससे पहले भी डॉ. अलका शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न जिला व राज्य स्तरीय पुरस्कारों तथा पूर्व महामहिम राज्यपाल कल्याण सिंह से स्वर्ण पदक से सम्मानित हो चुकी हैं। इस मौके पर उन्होंने अपनी मां स्वर्गीय राधा शर्मा को याद किया।

## ब्राह्मण समाज का स्नेह मिलन आज

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर में ब्राह्मण समाज का स्नेह मिलन समारोह सोमवार को आयोजित किया जाएगा। पत्रकार कॉलोनी स्थित आनंद महल गार्डन में होने वाले प्रोग्राम के चीफ गेस्ट गवर्नर कलराज मिश्र होंगे। मोती डूंगरी गणेश मंदिर महंत कैलाश शर्मा की प्रेरणा से आयोजन भगवान परशुराम की आरती के बाद होगा। इस मौके पर अन्नकूट प्रसादी होगी।

## विधानसभा अध्यक्ष को सिंधी समाज ने दी बधाई



**बेधड़क. जयपुर।** उत्तर प्रदेश कपड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल व सिन्धु सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी, महामंत्री श्याम कृषनानी सहित बीजेपी पार्षद विनोद शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मिलकर बधाई दी। सिंधु सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी ने बताया कि मुलाकात के दौरान अशोक मोतियानी श्याम कृष्नानी ने लखनऊ से जयपुर वाया अजमेर के लिए सीधी उड़ान शुरू किए जाने की बात कही। साथ ही लखनऊ से जयपुर कम से कम 3 फ्लाइट किए जाने की मांग भी की। उन्होंने बताया कि इस मांग पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लखनऊ से जयपुर की फ्लाइट के लिए शीघ्र प्रयास करेंगे।

## City इवेंट्स

### थ्री डी पद्धति से बनेगा 'जयपुर फुट'



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर फुट की गुणवत्ता और बढ़ जाएगी, जब इसके सॉकेट का एक भाग थ्री डी पद्दति से बनेगा। इसके लिए भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति तथा जापान की एक कृत्रिम अंग निर्माता कंपनी इंस्टालिम्ब के बीच तकनीकी सहयोग का अनुबंध हुआ है। इस थ्री डी पद्धति से साकेट का केवल एक भाग ही बनेगा, बाकी साकेट का निर्माण वर्तमान पद्धति से ही होता रहेगा। बीएमवीएसएस के संस्थापक डीआर मेहता ने बताया कि इंस्टालिम्ब ने जापान और फिलिपिन्स में 2000 कृत्रिम पैर इस पद्धति से लगाए हैं। इंस्टालिम्ब के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर शोईधिरों अदाची ने जयपुर फुट की निर्माण विधि का निरीक्षण किया। एमओयू पर हस्ताक्षर के दौरान बीएमवीएसएस के सचिव भूपेन्द्र मेहता और डॉ. दीपेन्द्र मेहता तथा तकनीकी निदेशक डॉ. पूजा मुकुल और तकनीकी सलाहकार तरुण कुलश्रेष्ठ उपस्थित रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा आज से

**बेधड़क. जयपुर।** श्रीगोकुलधाम आश्रम, श्यामपुर बुहरिया, कल्लावाल मोड, वाटिका रोड स्थित विमल मंदिर में सोमवार से श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा में रोजाना दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक आचार्य गिरधर गोपाल शामिल होंगे।

### संभव नाथ के दरबार में झूमे श्रद्धालु



**बेधड़क. जयपुर।** डूंगरी कलां पंचायत के गांव सांगा का बास जैन मंदिर में रविवार को अतिशय कारी संभव नाथ के दरबार में साजबाज के साथ ब्र. सूरज मल द्वारा लिखित शांति विधान का आयोजन हुआ। मंदिर समिति अध्यक्ष पदमजैन बिलाला के अनुसार भगवान संभव नाथ के जलाभिषेक के बाद चौबीस भगवान की प्रतिमा को पांडुकशीला पर विराजित कर सर्व शांति के लिए मंत्रोचारण के साथ शांति धारा केवल चंद प्रतीक ध्रुव बिलाला परिवार द्वारा की गई। विधान प. रोहित शास्त्री ने विधि पूर्वक ज्ञान चंद बस्सी के सहयोग से संपन्न कराया। आयोजन में रेनवाल नगरपालिका अध्यक्ष अमित ओसवाल, समाज अध्यक्ष गुणसागर ठोलिया, महिला मंडल अध्यक्ष अंजू नरेंद्र काला, रूपा सेठी कलकत्ता, भाग चंद जैन तिनसुखिया, सोभाग अजमेरा जनकपुरी सहित रेनवाल जयपुर राधाकिशन पूरा दांता, जोबनेर डूंगरी के श्रावक उपस्थिति रहे।

### बच्चों की प्रतिभा से अभिभावक मंत्र मुग्ध




**बेधड़क, जयपुर।** ईपीआईपी सीतापुरा क्षेत्र में स्थित ब्रिटिश इंटरनेशनल स्कूल में सर्दी के मौसम का जश्न मनाने के उद्देश्य से पहले विंटर कार्निवल रविवार को आयोजित हुआ। कार्निवल में विज्ञान प्रश्नोत्तरी, स्टैंसिल आर्ट, म्यूजिक गेम, सेल्फी प्वाइंट, फूड स्टॉल जैसे आयोजन आकर्षण के केंद्र रहे। कार्यक्रम में माता-पिता, शिक्षकों और छात्र उपस्थित रहे।

## छात्र पत्रिका इनटच-9 का विमोचन

# युवाओं को कड़ी मेहनत के मार्ग पर चलने के लिए किया प्रेरित




बेधड़क | जयपुर

गुलाबी नगरी की फिजा को अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता, इंदौर, रांची, पटना, पुणे, लखनऊ, चंडीगढ़, आगरा, भोपाल, कानपुर, दिल्ली एनसीआर व राजस्थान सहित देशभर से 350 से अधिक एल्यूमिनाई ने एंजॉय किया। मौका था जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के होटल ग्रैंड उनियारा में आगमन-13वीं वार्षिक पूर्व छात्र बैठक का। डायरेक्टर डॉ. प्रभात पंकज ने कहा कि पूर्व छात्र संस्थान के एंबेसडर व रीढ़ हैं। जयपुरिया जयपुर एलुमनाई एसोसिएशन अध्यक्ष अतुल खंडेलवाल और अन्य सदस्यों ने पूर्व छात्रों को उनके सफल कॅरियर पथ के लिए बधाई दी। साथ ही सफलता की सीढ़ी के शीर्ष पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत के मार्ग पर चलने के लिए भी प्रेरित किया। पूर्व छात्र पत्रिका 'इनटच' के पार्ट-9 का विमोचन किया गया। बैठक में बैच 2022-24 के धीप्रदा गुप्ता और कनिश्का कोठारी को मेधावी छात्रवृत्ति 25-25 हजार रुपए दिए। एसआईपी प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता के अक्षिता गुप्ता, श्रुति बंसल, कृति अग्रवाल, राघवेंद्र सिंह राठौड़ और ईशान प्रताप श्रीवास्तव को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## 'बाइकर बडी' के पोस्टर विमोचन

# सामाजिक सुधार का संदेश देने वाले बाइकर्स का होगा सम्मान




बेधड़क | जयपुर

स्टीलविंग गैराज एवं क्लब के तत्वाधान में 7 जनवरी को टैलेंट्स ऑफ इंडिया एवं बाइकर बडी अवॉर्ड सीजन 2 का आयोजन किया जाएगा। इस शो में उन सभी बाइक लवर्स एवं राइडर्स को सम्मानित किया जाएगा जो बाइक राइड के दौरान किसी भी सामाजिक सुधार और सौहार्द का संदेश देते हैं। क्लब के फाउंडर ताहिर और काह्नवी ने बताया कि अवॉर्ड शो में इस बार लाइव म्यूजिकल नाइट के साथ ही लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया जाएगा और राइडर्स के रजिस्ट्रेशन के बाद वोटिंग के निर्णयों के अनुसार उनको बाइकर्स कैलेंडर में खुद को देखना का अवसर मिलेगा। साथ ही प्रथम तीन विजेताओं को 21000, 11000 एवं 5000 तक के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। इस एक्टिविटी का आयोजन 7 जनवरी को जयपुर में किया जाएगा। सभी राइडर्स अपना नाम 25 दिसंबर तक दर्ज करा सकेंगे। पोस्टर लॉन्च सेरेमनी के दौरान बाइकर बडी सीजन 1 के लाइफ टाइम अचीवर अवार्ड होल्डर अनिल गौतम, जयपुर राइडर्स क्लब के गजेंद्र सिंह और श्याम वैष्णव, राइडर्स ऑफ़ राजस्थान के एडमिन शैलेश उपस्थित रहे।


**प्रदर्शनी** जवाहर कला केंद्र की अलंकार दीर्घा में डॉ. प्रशांत और नीरव की कला बनी आकर्षण

# सूरज के ढलते ही बदल जाते हैं पेंटिंग्स के नजारे

बेधड़क | जयपुर

जयपुराइट्स पेंटिंग देखकर रोमांचित हुए ही थे कि ये क्या पेंटिंग ने तो रंग बदलना शुरू कर दिया। अंधेरा क्या हुआ देखते ही देखते पेंटिंग ही बदल गई। ऐसे में कला प्रेमी आश्चर्य से इस कला को देखते रह गए।

फिर उन्होंने कलाकार के बारे में पूछा और उनसे मिलकर इस अजूबे के बारे में जानकारी ली। यह अनूठा नजारा था जवाहर कला केंद्र की अलंकार दीर्घा में 'क्रिएटिव हार्ट" उत्सव का, जहां डॉक्टर प्रशांत शर्मा और नीरव कुलश्रेष्ठ 'इनसेन' की पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई हैं। इनकी पेंटिंग्स की खासियत है कि अंधेरा होते ही इनके रंग बदल जाते हैं।





### झलका त्रिआयामी प्रभाव

दिन की रोशनी में पेंटिंग आम चित्रों की तरह नजर आ रही थीं, लेकिन जैसे ही अंधेरा कर उन पेंटिंग्स के सामने लगी लाइट्स को ऑन किया तो सभी पेंटिंग में त्रिआयामी प्रभाव के साथ रंगों की स्वप्निल आभा दमकने लगी। नियाग्रा फॉल, बुर्ज खलीफा, बाघ की घूरती आखें, श्रीराम सहित और भी ऐसी कई पेंटिंग्स थीं, जो अंधेरे में बहुत खूबसूरत नजर आईं। इन अनोखी पेंटिंग्स के बारे में डॉक्टर प्रशांत और नीरव ने बताया कि यह फर्स्ट स्लाट पेंटिंग्स हैं।

### सर्जन हूं, लेकिन दिल से कलाकार

पेशे से कैंसर सर्जन डॉ. प्रशांत शर्मा से जब पूछा गया कि आप किस में ज्यादा खुश नजर आते हैं, पेंटिंग करते वक्त या सर्जरी करते के वक्त? उन्होंने जवाब दिया कि मैं दिल से एक कलाकार हूं। चाहे सर्जरी करूं या पेंटिंग, गलती के लिए कोई मौका नहीं छोड़ता। उन्होंने कहा कि पेंटिंग, सर्जरी से भी ज्यादा एंजॉय करता हूं।

### ऐसी तमन्ना थी पेंटिंग्स के नजारे बदलें

अपने नाम के साथ इनसेन लगाने वाले नीरव कुलश्रेष्ठ ने बताया कि कैनवास हमेशा मुझे आकर्षित करता रहा है। मन की अद्दश्य भावनाओं को ही रंगों के साथ कैनवास पर उतारने की कोशिश करता हूं। लॉकडाउन का समय था जब डॉ. प्रशांत और नीरव ने काफी रिसर्च के बाद इंविजिबल पेंटिंग्स को एक रूप दिया। कला के साथ थोड़ा विज्ञान मिलाकर ऐसे रंगों को बनाना संभव हो पाया जो अंधेरे में ही नजर आते हैं। दोनों का साझा मन था कि जिस तरह सूरज ढलने के बाद धरा के नजारे बदल जाते हैं, ऐसा ही कुछ पेंटिंग्स में हो।



कभी-कभी हमें उन लोगों से शिक्षा मिलती है, जिन्हें हम अभिमान वश अज्ञानी समझते हैं।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### आतंकी संगठन ने किया 14 इजराइली सैनिकों को ढेर

# गाजा में फिर मजबूत हुआ हमास

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइली सेना ने भले ही 2 महीनों में गाजा में तांडव मचा दिया हो और हमास का लगभग सफाया कर दिया हो, मगर अभी भी हमास के आतंकियों ने हार नहीं मानी है। पिछले दो दिनों के इजरायल-हमास युद्ध में हमास के आतंकियों ने 14 इजराइली सैनिकों को ढेर कर दिया। इससे एक बार फिर से हमास आतंकियों के मजबूत होने का संकेत मिलने लगा है। यह भी जाहिर हो रहा है कि हमास की कोई न कोई देश मदद कर रहा है। गाजा पट्टी में सप्ताहांत के संघर्ष में 14 इजराइली सैनिक मारे गए। अक्टूबर के अंत में जमीनी हमले की शुरुआत के बाद से इजराइली सैनिकों की मौत का यह सबसे अधिक आंकड़ा है और एक संकेत है कि हमास कई हफ्तों के भीषण युद्ध के बावजूद अब भी लड़ाई लड़ रहा है। हालांकि, सैनिकों की मौत के बढ़ते आंकड़े युद्ध के लिए इजराइली जनता के समर्थन में एक महत्वपूर्ण कारक बनने की संभावना है।




### हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन

हजारों लोगों ने तेल अवीव में भारी बारिश के बीच प्रदर्शन किया और नेतन्याहू के खिलाफ नारेबाजी की। उधर, नेतन्याहू ने सैन्य और नीतिगत विफलताओं के लिए जिम्मेदारी लेने से इनकार करते हुए कहा कि लड़ाई खत्म होने के बाद वह सवालों का जवाब देंगे। इजराइली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि सेना उत्तरी और दक्षिणी गाजा में अपने आक्रमण का विस्तार कर रही है। सैनिक गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर खान यूनिस में जटिल क्षेत्रों में लड़ाई लड़ रहे हैं।

### भूकंप से अब तक 148 की मौत, 781 लोग घायल

# चीनी PM ने किया भूकंप प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग ने उत्तर-पश्चिम चीन में भूकंप प्रभावित गांवों का दौरा किया और बचाव एवं राहत दलों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि भूकंप प्रभावित इलाकों में लोग सर्दियों में सुरक्षित रूप से रहें। ली ने गांसु प्रांत के जिशिशान काउंटी के साथ-साथ पड़ोसी किंघई प्रांत के मिन्हे काउंटी के कई गांवों का दौरा किया। प्रधानमंत्री ने आपदा से प्रभावित लोगों से बात की और पुनर्वास, राहत आपूर्ति और अस्थायी आवासों के निर्माण से संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री ली ने कहा कि मौजूदा राहतकर्मियों की सर्वोच्च प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि प्रभावित लोगों को सर्दी के मौसम में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े।



### 14000 मकान क्षतिग्रस्त, करोड़ों का नुकसान

**बीजिंग।** उत्तर पश्चिम चीन में बीते सोमवार आधी रात को आए 6.2 तीव्रता के भूकंप में अब तक148 लोगों की मौत हो गई, जबकि 781 लोग घायल हो गए। साथ ही कई इमारतें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। कृषि व मत्स्य पालन उद्योगों को करोड़ों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी की खबर के मुताबिक, गांसू में अधिकारियों ने शुरुआती आकलन किया, जिसमें यह सामने आया कि भूकंप से प्रांत के कृषि व मत्स्य पालन उद्योगों को 7.46 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है। इसके अलावा भूकंप से 14,000 से अधिक मकान नष्ट हो गए।

## भट्ठी में विस्फोट से 13 लोगों की जान गई, 46 श्रमिक जख्मी

**पालू।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर चीनी स्वामित्व वाले निकेल संयंत्र में रविवार को एक धातु गलाने वाली भट्ठी में विस्फोट हो गया। इसमें 13 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। इंडोनेशिया में निकेल गलाने वाले संयंत्रों में होने वाली घातक दुर्घटनाओं के मद्देनजर यह ताजा घटना है। सेंट्रल सुलावेसी के पुलिस प्रमुख अगस नुगरोहो ने कहा कि भट्ठी की मरम्मत के दौरान अचानक विस्फोट होने से पांच चीनी और आठ इंडोनेशियाई श्रमिकों की मौत हो गई। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसने भट्ठी को ध्वस्त कर दिया और इमारत की दीवारों को क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि लगभग 46 श्रमिकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या कंपनी की लापरवाही के कारण यह मौतें हुईं।

### विशेष वस्तुएं भेजेगा नेपाल

# जानकी मंदिर से अयोध्या आएंगे उपहार

**एजेंसी** | काठमांडू

नेपाल अगले महीने अध्योध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह के लिए विभिन्न प्रकार के आभूषण, बर्तन, कपड़े और मिठाइयां भेजेगा। रविवार मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। 'माय रिपब्लिका' समाचार पत्र की खबर के अनुसार ये वस्तुएं भेजने के लिए जनकपुर धाम-अयोध्या धाम यात्रा आयोजित की जाएगी। जानकी मंदिर रामरोशन दास वैष्णव के संयुक्त महंत ने कहा कि यात्रा 18 जनवरी को शुरू होकर 20 जनवरी को संपन्न होगी और इसके साथ लाई गईं वस्तुएं उसी दिन श्रीराम मंदिर न्यास को प्रदान की जाएंगी। मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी होगा।

जनकपुरधाम से आरंभ होने वाली यात्रा जलेश्वर नाथ, मलंगवा, सिमरौनगढ़, गढ़ीमाई, बीरगंज से होते हुए बेतिया, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर होते हुए उत्तर प्रदेश के अयोध्या पहुंचेगी। इससे पहले, नेपाल में कालीगंडकी नदी के किनारे से एकत्र शालिग्राम पत्थरों को भगवान राम की मूर्ति बनाने के लिए अयोध्या भेजा गया था, जिसे उद्घाटन के दिन मंदिर में स्थापित किया जाएगा।



### अयोध्या में 100 विमान उतरने की संभावना

त्रेता युग में जिस तरह रावण का वध कर लंका से भगवान राम पुष्पक विमान से वापस लौटे थे, ऐसा ही कुछ नजारा 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या में देखने को मिलेगा। इस भव्य आयोजन के दिन देश-विदेश से 100 से अधिक विमानों से विशिष्ट मेहमानों के अयोध्या के मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की संभावना है।

### समारोह समिति का किया गठन

जानकी मंदिर के उत्तराधिकारी महंथ राम रोशन दास ने लोगों से आह्वान किया है कि जिनको भी अयोध्या के लिए भार भेजना है वो 3 जनवरी तक जानकी मंदिर में जमा करा दें। मंदिर के तरफ से भार के रूप में 51 प्रकार की मिठाइयां, दही, माखन, वस्त्र, आभूषण, चांदी के बर्तन आदि भेजे जाएंगे। जानकी मंदिर ने इस भार यात्रा के लिए 1100 लोगों की एक मूल समारोह समिति का गठन किया है।

### शस्त्रागार में दो अत्याधुनिक क्रूज मिसाइलें शामिल

# ईरान की नौसेना ने बढ़ाई अपनी ताकत

**एजेंसी** | दुबई

ईरान की नौसेना ने रविवार को घरेलू स्तर पर निर्मित अत्याधुनिक क्रूज मिसाइलों को अपने शस्त्रागार में शामिल किया। सरकारी टीवी पर कहा गया कि तलाइह और नासिर, दोनों क्रूज मिसाइलें राजधानी तेहरान से लगभग 1,400 किमी दक्षिण-पूर्व में स्थित एक नौसैनिक अड्डे पर पहुंची हैं।

नौसेना प्रमुख एडमिरल शाहरम ईरानी ने कहा कि तलाइह की मारक क्षमता 1,000 किमी से अधिक है और उन्होंने इसे पूरी तरह से स्मार्ट कहा। ईरानी ने कहा कि क्रूज मिसाइल यात्रा के दौरान लक्ष्य बदलने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि नासिर की मारक क्षमता 100 किमी है और इसे युद्धपोतों पर स्थापित किया जा सकता है। पिछले महीने, एक इजराइली अरबपति के स्वामित्व वाले वाणिज्यिक जहाज पर हिंद महासागर में एक संदिग्ध ईरानी ड्रोन ने हमला किया था, क्योंकि इजराइल ने गाजा पट्टी में ईरान समर्थित हमास के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा है। समय-समय पर ईरान नए सैन्य उपकरणों के परीक्षण, फायरिंग, उत्पादन और सेना में शामिल किए जाने की घोषणा करता है जिन्हें स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सकता।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl